इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ
डॉ. तरुण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN
IN NEPHROLOGY
डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समय: सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208

वर्ष- 45 | अंक - 18 | राजनांदगांव, बुधवार 03 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## संसद शीतकालीन सत्रः संसद में असहमति के बीच सहमति- 8 दिसंबर को 'वंदे मातरम्' पर 10 घंटे चर्चा, अगले दिन एसआईआर पर होगी बहस



नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र का दूसरा दिन भी भारी हंगामे की भेंट चढ़ गया, जहां विपक्ष ने एसआईआर (सिस्टेमेटिक इलेक्टर्स रजिस्ट्रेशन) और कथित वोट चोरी के मुद्दे को लेकर सरकार पर लगातार दबाव बनाए रखा। जैसे ही सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए वेल में पहुंच गए और वोट चोर-गद्दी छोड़ो जैसे नारे लगाने लगे।

स्पीकर ने प्रश्नकाल को किसी तरह आगे बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन करीब 20 मिनट तक लगातार जारी शोर-शराबे के कारण उन्हें पहले 12 बजे तक, फिर दोपहर 2 बजे तक और अंत में 3 दिसंबर सुबह 11 बजे तक के लिए सदन स्थगित करना पड़ा। राज्यसभा की स्थिति भी अलग नहीं रही। ऊपरी सदन में भी विपक्ष ने एसआईआर और चुनावी अनियमितताओं के आरोपों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया, जिससे पूरी कार्यवाही बार-बार बाधित होती रही। विपक्ष का कहना है कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए आवाज उठाना जरूरी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सुबह 10.30 बजे संसद परिसर में मकर द्वार के सामने विपक्षी दलों के संयुक्त प्रदर्शन का नेतृत्व किया। उनका स्पष्ट कहना है कि जब तक सरकार एसआईआर पर विस्तृत चर्चा नहीं कराती, तब तक विरोध जारी रहेगा। दूसरी ओर सरकार ने अपने रुख में लचीलापन दिखाते हुए कहा है कि वह चुनावी सुधारों पर किसी भी समय चर्चा को तैयार है, बशर्ते विपक्ष पहले से समय-सीमा या शर्तें न लगाए। सूत्रों के अनुसार, विपक्ष ने भी एक समझौते का संकेत दिया है और प्रस्ताव रखा है कि चर्चा के दौरान एसआईआर शब्द की जगह इलेक्टोरल रिफॉर्म या कोई अन्य स्वीकार्य नाम इस्तेमाल किया जा सकता है। सरकार इस सुझाव को लेकर सकारात्मक दिख रही है और बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की अगली बैठक में अपना अंतिम रुख स्पष्ट कर सकती है। हालांकि गतिरोध अभी जारी है, लेकिन नामकरण पर सहमति बनने से बुधवार को चर्चा शुरू होने की संभावना मजबूत हो गई है, जिससे उम्मीद है कि सत्र के माहौल में कुछ सुधार देखने को मिल सकता है।

### पीएम मोदी का संदेश- 'ड्रामा नहीं, डिलीवरी हो'

सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया से कहा कि शीतकालीन सत्र पराजय की हताशा या विजय के अहंकार का मंच नहीं होना चाहिए। यहां ड्रामा नहीं, डिलीवरी होनी चाहिए, और जोर नीति पर होना चाहिए, नारों पर नहीं।

### 10 नए बिल भी आएंगे सदन में

शीतकालीन सत्र में सरकार 10 नए बिल पेश करेगी। इनमें सबसे अहम एटॉमिक एनर्जी बिल है, जिसके तहत पहली बार निजी कंपनियों को न्यूक्लियर पावर प्लांट लगाने की अनुमति देने का प्रस्ताव है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## प्रधानमंत्री ऑफिस का बदला गया नाम, अब पीएमओ कहलाएगा 'सेवा तीर्थ'



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री कार्योलय (पीएमओ) के नए परिसर का नाम बदलकर सेवा तीर्थ करने का फैसला लिया है। मंगलवार को अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। पीएमओ के नए परिसर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इससे पहले इसे सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव के रूप में जाना जाता था। पीएमओ ऑफिस के अलावा कार्यकारी एन्क्लेव में कैबिनेट सचिवालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और इंडिया हाउस के कार्यालय भी शामिल होंगे। अधिकारियों ने बताया कि सेवा तीर्थ एक ऐसा कार्यस्थल होगा, जिसे सेवा की भावना को प्रतिबिंबित करने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत के सार्वजनिक संस्थान एक शांत, लेकिन गहन बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं।

### सेवा तीर्थ-2 और सेवा तीर्थ-3 भी होंगे

अब नया पीएमओ सेवा तीर्थ-1 से काम करेगा, जो एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव-1 में बनी तीन नई आधुनिक इमारतों में से एक है। सेवा तीर्थ परिसर में कुल 3 इमारतें बनाई गई हैं। इनमें से सेवा तीर्थ-2 में कैबिनेट सेक्रेटेरिएट और सेवा तीर्थ-3 में नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर (एनएसए) का ऑफिस होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह शिफ्टिंग शुरू हो चुकी है।

इससे पहले 14 अक्टूबर को कैबिनेट सेक्रेटरी टीवी सोमनाथन ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और तीनों सेना प्रमुखों के साथ सेवा तीर्थ-2 में एक अहम मीटिंग भी की थी। अधिकारियों का कहना है कि यह नया कॉम्प्लेक्स सरकारी कामकाज को और तेज बनाएगा और भारत सरकार के काम करने के तरीके में एक नया अध्याय लिखेगा।

### राजभवन का बदला गया नाम

इससे पहले सोमवार को आठ राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश ने अपने राज्यपाल/उपराज्यपाल आवास का नाम बदलकर

## सरकारी पैसों से बाबरी मस्जिद बनवाना चाहते थे नेहरू, राजनाथ सिंह बोले- सरदार पटेल ने उन्हें रोका



अहमदाबाद। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को एक बड़ा राजनीतिक दावा किया है। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से यानी सरकारी पैसों अयोध्या में बाबरी मस्जिद का निर्माण कराना चाहते थे, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ने दिया।

गुजरात के सडली गांव में आयोजित 'यूनिटी मार्च' कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने पटेल की भूमिका और उनके विचारों को विस्तार से बताया। राजनाथ सिंह ने कहा कि नेहरू ने सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन पटेल ने साफ मना कर दिया। उन्होंने आगे दावा किया कि नेहरू ने पटेल के निधन के बाद उनके स्मारक के लिए जनता द्वारा जुटाए गए धन को कुएं और सड़कों के निर्माण में खर्च करने का सुझाव दिया था, जो उनकी विरासत को दबाने की कोशिश थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि पटेल सच्चे अर्थों में उदार और निष्पक्ष नेता थे, जिन्होंने कभी भी तुष्टिकरण की राजनीति नहीं की।

### पटेल बनाम नेहरू का विवाद

कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि सोमनाथ मंदिर को पुनर्निर्माण के लिए सरकार से एक भी पैसा नहीं लिया गया था, क्योंकि पूरा धन जनता से आया था। उन्होंने कहा कि इसी तरह अयोध्या में राम मंदिर भी पूरी तरह जनता के सहयोग से बना है और यह वास्तविक धर्मनिरपेक्षता का उदाहरण है। सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस के 1946 के अध्यक्ष चुनाव में अधिकतर प्रस्ताव पटेल के पक्ष में थे, लेकिन महात्मा गांधी के अनुरोध पर पटेल ने अपना नाम वापस ले लिया और नेहरू अध्यक्ष बने, जिसके बाद वह प्रधानमंत्री बने। रक्षा मंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक ताकतों ने वर्षों तक पटेल की विरासत को दबाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनवाकर पटेल को वह (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## किरणदेव की टीम में 117 पदाधिकारी... इनमें सिर्फ 9 महिलाएंः जूदेव को बिलासपुर ग्रामीण, राजेंद्र को रायपुर शहर प्रभारी की जिम्मेदारी, सवन्नी-केदार बनाए गए विधानसभा प्रभारी




रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ भाजपा ने विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी और प्रकोष्ठ में 117 पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की नई टीम में 117 में से 108 पद पुरुषों को दिए गए हैं, जबकि महिलाओं को सिर्फ 9 पद मिले हैं। जारी लिस्ट के मुताबिक 36 विधानसभा में से केवल एक विधानसभा में महिला नेत्री को प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह से प्रकोष्ठों में 2 और जिलों में 6 महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया गया है। हालांकि युवाओं, अनुभवी नेताओं और संगठन में लंबे समय से सक्रिय कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी गई है। वहीं जिला संगठन की बात करें तो प्रभारी और सह प्रभारियों की भी नियुक्तियां की गई हैं। इनमें रायपुर शहर की जिम्मेदारी राजेंद्र शर्मा और रायपुर ग्रामीण की कमान सुरेंद्र पाटनी को दी गई है। वहीं बिलासपुर ग्रामीण की जिम्मेदारी प्रबल प्रताप जूदेव को सौंपी गई है। वहीं लिस्ट में कम महिलाओं जगह मिलने पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा वैचारिक रूप से और आदतन महिला विरोधी है। महिला कार्यकारिणी में भी महिलाओं को स्थान नहीं दिया गया।

### नेताओं को जमीनी स्तर पर काम करना अनिवार्य

बताया जा रहा है कि भाजपा के प्रदेश महासचिव पवन साय ने विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी और प्रकोष्ठ पदाधिकारियों को स्पष्ट कर दिया है कि अब पूरा फोकस बूथ मजबूत करने और जमीनी स्तर पर माइक्रो-मैनेजमेंट पर रहेगा। सभी नेताओं को जमीनी स्तर पर काम करना अनिवार्य है।

**प्रभारी-सहप्रभारीः** राजेंद्र शर्मा रायपुर शहर, सुरेंद्र पाटनी रायपुर ग्रामीण, अमित साहू बलौदा बाजार, अमित चिमनानी गरियाबंद, जयंती पटेल महासमुंद, किरण बघेल धमतरी, रामजी भारती भिलाई, नंदन लाल जैन दुर्ग, हर्षिता पांडेय बेमेतरा, संध्या परचनिया बालोद, जितेंद्र कुमार वर्मा राजनांदगांव, देवलाल ठाकुर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, नलिनीश ठोकने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, महेश वर्मा कवर्धा, रंजना साहू कांकेर, जी. वेंकटेश्वर राव कोंडागांव, सुधीर पांडेय नारायणपुर, सतीश लाटिया बस्तर, शिवनारायण पांडेय दंतेवाड़ा, टेकेश्वर जैन सुकमा, दीपेश अरोरा बीजापुर, रूपकुमारी चौधरी बिलासपुर शहर, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव बिलासपुर ग्रामीण, ऋतु चौरसिया गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, ज्योतिनंद दुबे मुंगेली, रामदेव कुमार जांजगीर-चांपा, राजेंद्र वैष्णव (सहप्रभारी) जांजगीर-चांपा, मनोज शर्मा सक्ती, अनिल केशरवानी कोरबा, ब्रजेंद्र शुक्ला (सहप्रभारी) कोरबा, शंकर लाल अग्रवाल सारंगगढ़-बिलाईगढ़, विद्या सिदार (सहप्रभारी) सारंगगढ़-बिलाईगढ़, प्रशांत सिंह रायगढ़, अमर सुल्तानिया जशपुर, कृष्णकांत चंद्रार सरगुजा, सुनील गुप्ता (सहप्रभारी) सरगुजा, शिवनाथ यादव सूरजपुर, ओमप्रकाश सिन्हा बलरामपुर, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सुप्रीम कोर्ट से कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा को पोक्सो मामले में राहत, सुनवाई पर रोक



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस एक्ट (पोक्सो एक्ट) के तहत दर्ज सेक्सुअल हैरेसमेंट केस में ट्रायल पर रोक लगा दी है. चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने येदियुरप्पा की उस अर्जी पर सुनवाई करते हुए यह अंतरिम आदेश दिया, जिसमें कर्नाटक हाई कोर्ट के केस रद्द करने से इनकार को चुनौती दी गई थी.

केस की सुनवाई करते हुए सीजेआई कांत ने कहा कि नोटिस जारी की जा रही है. इस बीच, ट्रायल की कार्रवाई नहीं होगी. वहीं, बेंच ने कहा कि नोटिस मुख्य रूप से मामले को वापस हाई कोर्ट भेजने पर विचार करने के लिए जारी की गई है. येदियुरप्पा की तरफ से सीनियर वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि हाई कोर्ट ने जरूरी सबूतों को नजरअंदाज़ किया है और उन बयानों पर विचार करने में नाकाम रहा जिनसे पता चलता है कि कथित घटना के दौरान ऐसा कुछ नहीं हुआ. लूथरा ने आगे कहा कि कुछ बयान ऐसे हैं जिन्हें प्रॉसिक्यूशन दबाता है. हाई कोर्ट ने तथ्यों को नजरअंदाज किया. वह राज्य के चार बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं.

इस पर सीजेआई ने उनसे पूछा कि आप हाई कोर्ट को मिनी ट्रायल करने के लिए कैसे मजबूर कर सकते हैं? प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस (पोक्सो) एक्ट के तहत एफआईआर 14 मार्च, 2024 को एक महिला की शिकायत पर हुई थी, जिसकी अब मौत हो चुकी है. महिला ने आरोप लगाया था कि येदियुरप्पा ने मदद मांगने के लिए अपने घर आने पर उसकी 17 साल की बेटी के साथ छेड़छाड़ की. उन्होंने आगे आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री ने पैसे का लालच देकर घटना को दबाने की कोशिश भी की थी.

उसकी शिकायत के आधार पर ही पुलिस ने यौन उत्पीड़न और उत्पीड़न के अपराधों से संबंधित पोक्सो अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत स्नढ्ढक्र दर्ज की थी. इसके बाद, 4 जुलाई 2024 को, एक ट्रायल कोर्ट ने न केवल येदियुरप्पा के खिलाफ, बल्कि तीन अन्य लोगों के खिलाफ भी सबूत नष्ट करने और मामले को दबाने की कोशिशों के आरोप में अपराधों का संज्ञान (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## इमरान से मुलाकात कर जेल से बाहर आई बहन उजमा, बोलीं- स्वास्थ्य ठीक, लेकिन उन्हें परेशान किया जा रहा



रावलपिंडी। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से उनकी बहन उजमा खान ने मंगलवार को करीब एक महीने बाद रावलपिंडी की अदियाला जेल में मुलाकात की है। करीब 20 मिनट हुई मुलाकात के बाद उजमा खान ने बताया कि इमरान खान स्वास्थ्य हैं, लेकिन उन्हें मानसिक तौर पर परेशान किया जा रहा है। बता दें कि पाकिस्तान सरकार ने मंगलवार को इमरान खान की बहन को जेल में उनसे मिलने की इजाजत दे दी थी।

### बहन ने मुलाकात के बाद दिया अहम अपडेट

इमरान खान से मुलाकात के बाद अदियाला जेल के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए उजमा ने कहा, उनकी सेहत ठीक है। मगर वो गुस्से थे। उन्होंने कहा कि ये मुझे मानसिक तौर पर परेशान कर रहे हैं। सारा दिन कमरे में बंद रखते हैं, थोड़ा सा बाहर निकलने की इजाजत है। किसी से कोई बातचीत नहीं। उन्होंने (इमरान खान) ने कहा कि जो सबकुछ हो रहा है.... उसके लिए आसिम मुनीर जिम्मेदार है। मैं अपनी बहनों (अलीमा खान और नोरीन खान) से सलाह-मशविरा करने के बाद डिटेल में अपडेट दूंगी। बता दें कि पिछले एक महीने से उनसे किसी को मिलने की इजाजत नहीं दी गई थी। लंबे समय से इमरान खान से उनके परिजनों को पाकिस्तान सरकार मिलने नहीं दे रही थी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख से उनके परिवारवालों के लगातार मिलने से मना करने के कारण सोशल मीडिया पर यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि वह जिंदा हैं या मर गए। हालांकि अदियाला जेल अधिकारियों ने दावा किया कि उनकी सेहत अच्छी है। पीटीआई ने गुरुवार को एक बयान में बताया था कि आज सरकार ने डॉ. उजमा को उनके भाई से जेल में मिलने की अनुमति दे दी। अगस्त 2023 से जेल में बंद 73 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## संचार साथी एप पर प्रियंका बोलीं - सरकार जासूसी करना चाहती हैः सरकार ने कल कहा था - सभी मोबाइल में इंस्टॉल होगा; आज बोली- डिलीट कर सकते हैं



नई दिल्ली। सभी मोबाइल फोन में साइबर सिक्योरिटी एप संचार साथी को प्री-इंस्टॉल करने के दूरसंचार विभाग के आदेश पर विवाद बढ़ने के बाद मंगलवार को केंद्र सरकार की सफाई आई। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि ये कंपलसरी नहीं है। चाहे तो यूजर इसे डिलीट कर सकते हैं।

केंद्र सरकार ने एक दिसंबर को स्मार्टफोन कंपनियों को आदेश दिया था कि वे स्मार्टफोन में सरकारी साइबर सेफ्टी एप को पहले से इंस्टॉल करके बेचें। इसके लिए 90 दिन का समय दिया था। इस फैसले का कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों ने विरोध किया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि यह कदम लोगों की प्राइवेसी पर सीधा हमला है। यह एक जासूसी एप है। सरकार हर नागरिक की निगरानी करना चाहती है। साइबर धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग के लिए सिस्टम जरूरी है, लेकिन सरकार का ताजा आदेश लोगों की निजी जिंदगी में अनावश्यक दखल जैसा है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने भी सरकार के इस आदेश की आलोचना की है। वहीं, कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने मंगलवार को इस मुद्दे पर सदन स्थगन नोटिस भी दिया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, मैं सदन में बहस के दौरान बोलूंगा ... अभी टिप्पणी नहीं करूंगा। कांग्रेस सांसद शशि थरूर- संचार साथी एप उपयोगी हो सकता है, लेकिन इसे स्वैच्छिक होना चाहिए। जिसे जरूरत हो, वह खुद इसे डाउनलोड कर सके।

### संचार साथी ऐप विवाद पर ज्योतिरादित्य सिंधिया की सफाई, यूजर्स डिलीट कर सकेंगे ऐप



संचार साथी ऐप को लेकर विपक्ष केंद्र सरकार पर लगातार हमला कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि नए स्मार्टफोन में दिया जाने वाला यह ऐप यूजर्स अनइंस्टॉल नहीं कर सकेंगे। हालांकि, अब केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस मामले पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि ऐप रखना या डिलीट करना पूरी तरह यूजर की पसंद पर निर्भर है और इसमें किसी तरह की मजबूरी नहीं है। मंत्री सिंधिया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पाकिस्तान ने श्रीलंका को एक्सपायर्ड राहत सामग्री भेजीः बाढ़ राहत के लिए भेजे गए फूड पैकेट की तस्वीर वायरल, इस पर एक्सपायरी डेट अक्टूबर 2024 लिखा



इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने श्रीलंका को एक्सपायर्ड राहत सामग्री भेज दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रीलंका में आए साइक्लोन दितवाह से निपटने के लिए पाकिस्तान ने मदद भेजी थी, लेकिन उन फूड पैकेट पर एक्सपायरी डेट अक्टूबर 2024 थी।

पाकिस्तान ने पानी, दूध पाउडर और आटे सहित कई पैकेट भेजे थे। पाकिस्तान हाई कमीशन श्रीलंका ने 30 नवंबर को सोशल मीडिया ङ्ग पर इससे जुड़ा एक पोस्ट किया था। इसमें राहत सामग्री की तस्वीर भी जारी की गई, जिसमें एक्सपायरी डेट लिखी नजर आ रही है। ये पोस्ट वायरल हो रहा है, कई यूजर्स पाकिस्तान की आलोचना कर रहे हैं। हालांकि अब तक पाकिस्तान का रिएक्शन सामने नहीं आया है।

श्रीलंका साइक्लोन दितवाह की वजह से भारी बाढ़ का सामना कर रहा है। इससे 390 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। 370 लोग लापता हैं। देश में 11 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। वहीं, लगभग 2 लाख लोग घर छोड़कर शेल्टर होम में रह रहे हैं।

### पाकिस्तान ने तुर्किये को उसी का भेजा रिलीफ मटेरियल वापस भेजा था

इससे पहले भी पाकिस्तान रिलीफ मटेरियल को लेकर विवादों में रह चुका है। साल 2022 में तुर्किये में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था। इस दौरान पाकिस्तान ने तुर्किये को उसी का भेजा रिलीफ मटेरियल वापस पैक करके भेज दिया था। दरअसल, साल 2021 में पाकिस्तान में बाढ़ के बाद तुर्किये ने मदद भेजी थी। तुर्किये ने इस हरकत के लिए पाकिस्तान को फटकार भी लगाई थी। तुर्किये और सीरिया में भूकंप से 47 हजार लोगों की मौत हुई थी।

### भारत ने श्रीलंका को मदद भेजी

भारत ने साइक्लोन दितवाह से निपटने के लिए ऑपरेशन सागर बंधु के तहत श्रीलंका को 53 टन राहत सामग्री भेजी है। कोलंबो में इंडियन नेवी के दो जहाज से 9.5 टन इमरजेंसी राशन भेजा गया है। इनमें टेंट, तिरपाल, कंबल, हाइजीन किट, रेडी-टू-ईट खाने की चीजें, दवाइयां और सर्जिकल इक्विपमेंट समेत 31.5 टन और राहत सामग्री एयरलिफ्ट करने के लिए इंडियन एयर फोर्स के तीन एयरक्राफ्ट तैनात हैं। साथ ही पांच लोगों की मेडिकल टीम, NDRF की 80 लोगों की स्पेशल टीम भी भेजी हैं। इसके अलावा नई दिल्ली ने इंडियन नेवी के जहाज सुकन्या (त्रिंकोमाली में) पर 12 टन और राहत सामग्री भेजी है, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की आवाज से गरजा आसमान

**दुनिया ने देखी भारत की आत्मनिर्भरता की ताकत**

नई दिल्ली। भारत ने ब्रह्मोस का सफल परीक्षण कर बंगाल की खाड़ी में शक्ति प्रदर्शन किया। भारतीय सेना के दक्षिणी कमान ने सोमवार को कहा कि ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ने बंगाल की खाड़ी में सटीकता से लक्ष्य को भेदकर भारत की क्षमता और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को और मजबूती दी।

दक्षिणी कमान ने कहा, भारतीय सेना के ब्रह्मोस ने बंगाल की खाड़ी में बेजोड़ सटीकता, गति और विनाशकारी क्षमता को प्रदर्शित किया। मिसाइल ने अपने निर्धारित लक्ष्य को सटीकता के साथ भेदते हुए भारत की दीर्घकालिक सटीक हमलों की क्षमता को पुनः पुष्टि की। दक्षिणी कमान द्वारा किया गया यह प्रदर्शन भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता और सेना की भविष्य की चुनौतियों का सामना करने की तत्परता का शक्तिशाली प्रमाण है। यह उन्नत तकनीक, दृढ़ संकल्प और युद्ध के लिए तैयार भारत की अडिग भावना का प्रभावशाली प्रदर्शन है।ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है जिसे भारत और रूस ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। इसे पनडुब्बी, पोत, विमान व धरती से दागा जा सकता है। इसकी गति 2.8 मैक या ध्वनि की गति से तीन गुनी है। इसका उपयोग सेना, नौसेना और वायु सेना द्वारा किया जाता है। मई में चार दिवसीय संघर्ष के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### संतान सुख अब संभव : आज आयेगी मुंबई की मशहूर आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. रैनी अग्रवाल



राजनांदगांव (दावा)। निःसंतान दम्पतियों के लिए यह बड़ी खुशखबरी है। लंबे समय से संतान सुख की प्रतीक्षा कर रहे और लगभग उम्मीद छोड़ चुके दम्पतियों के लिए अब नई आशा जन्म ले चुकी है। शहर के लोगों के लिए राहत भरी जानकारी यह है कि, मुंबई की प्रसिद्ध इनफर्टिलिटी एवं आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. रैनी अग्रवाल अब प्रत्येक बुधवार राजनांदगांव में उपलब्ध रहेंगी। वे मरीजों से आरोग्यम् सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक, सतनाम भवन, नया बस स्टैंड, राजनांदगांव में मुलाक़ात कर व्यक्तिगत परामर्श प्रदान करेंगी। डॉ. रैनी अग्रवाल ने अपने अनुभव और उन्नत तकनीकों की मदद से अब तक अनेक निःसंतान दम्पतियों की जिंदगी में संतान सुख की खुशियाँ लौटाई हैं। अत्याधुनिक आईवीएफ सुविधाओं, आधुनिक लैब सिस्टम और अनुभवी मेडिकल टीम के साथ वे जटिल से जटिल मामलों में भी सफल परिणाम देने के लिए जानी जाती हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि, समय पर उपचार और सही दिशा में कदम बढ़ाने से संतान प्राप्ति पूरी तरह संभव है, इसलिए निराश होना समाधान नहीं है। डॉ. अग्रवाल का संदेश- 'उम्मीद कभी खत्म मत होने दें। विज्ञान ने आज असंभव को भी संभव कर दिखाया है। एक बार अवश्य मिलें, शायद यही मुलाक़ात आपकी जिंदगी बदल दे।' राजनांदगांव एवं आसपास के क्षेत्रों के दम्पतियों के लिए यह सुनहरा अवसर है। सीमित स्लॉट उपलब्ध हैं, इसलिए अपॉइंटमेंट समय रहते अवश्य सुरक्षित करें। साथ ही, डॉ.रैनी अग्रवाल वर्तमान में आरोग्यम् सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग में नियमित रूप से सेवाएँ दे रही हैं।

### पूर्व जिपं अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू बनी प्रदेश पंचायत प्रकोष्ठ की सहसंयोजक



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय, रायपुर द्वारा प्रकोष्ठों के संयोजक एवं सहसंयोजकों की नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव द्वारा जारी सूची में राजनांदगांव जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू को प्रदेश पंचायत प्रकोष्ठ की सहसंयोजक के रूप में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। अपनी इस जिम्मेदारी के लिए श्रीमती गीता घासी साहू ने भाजपा प्रदेश संगठन एवं जिला संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे संगठन द्वारा प्रदत्त दायित्व का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगी और पंचायत स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगी। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए, आशा व्यक्त की कि, उनके अनुभव और नेतृत्व से पंचायत प्रकोष्ठ को नई दिशा और गति मिलेगी।

### भारतीय संविधान का सर्वजन सदैव सम्मान करें - डॉ. द्विवेदी



राजनांदगांव (दावा)। अखिल विश्व में अतीव गौरवशाली एवं वृहद भारतीय संविधान के स्थापना दिवस के महत्तम परिप्रेक्ष्य में नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में संस्था प्राचार्य डॉ. श्रीमती अंजना ठाकुर के प्रमुख संरक्षण एवं अध्यक्षता में विशेष व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में विशेष रूप से आमंत्रित नगर के वरिष्ठ विचार चिंतक डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित प्रबुद्ध व्याख्याताओं को बताया कि भारतीय संविधान समग्र रूप से ब्रिटेन, स्विट्जरलेंड, संयुक्त राज्य अमेरिका एवं कनाडा जैसे विशेष राष्टों के संविधानों की विशिष्टताओं और श्रेष्ठताओं का सार संग्रह है। लिखित संविधान, वृहत संविधान तथा आम जन-जन को मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तवय, नीति निर्देशक तत्व, विशुद्ध समता, समाजवादी संरचना के साथ-साथ एकता, अखंडता, विश्वबंधुत्व एवं पंत निरप्रेक्ष्य राज्य संस्थापना की अद्वितीय संकल्पना प्रदान करने वाला संविधान है। वास्तव में हमारा संविधान जिस पर प्रत्येक भारतीय को गौरवमान होता है तथा देश के प्रथम राष्टपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, राष्टीय एकता अखंडता के सूत्रधार सरदार वल्लभ भाई पटेल, अखिल विश्व में ज्ञान के प्रादर्श माने जाने वाले डॉ. भीमराव आंबेडकर जैसे मनीषियों के अथक परिश्रम और उत्कृष्ट कार्यो की भी स्मृतियों को सभी के मन मस्तिष्क में चिर स्थाई बनाता है। भारतीय संविधान का विशिष्ट गुण है कि वह लचीला संविधान है। समय और आवश्यकता के अनुरूप इसमें संशोधन की व्यवस्था की गई है। आगे डॉ. द्विवेदी ने अपने सम्भाषण में आह्वान किया कि अखिल विश्व में लोकतंत्रीय व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और अधिकाधिक विस्तार के लिए हमारा संविधान देश-धरती में एक विशेष उदाहरण प्रस्तुत करता है। प्रतिवर्ष जिसकी प्रस्तावना और उसका वाचन जन-जन, प्रबुद्धजन आदि सभी को सम्प्रभुता और स्वतंत्रता के साथ निरंतर विकास पथ पर अग्रसर होने की अद्भुत अभिप्रेरणा भी देता है। आइये हम सभी अपने संविधान का सदैव सम्मान करें। यही संविधान दिवस का श्रेष्ठ सार्थक संदेश होगा। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य ने डॉ. द्विवेदी का श्रेष्ठ सम्भाषण के लिए शाल और श्रीफल से सम्मान किया तथा संस्था की ओर से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य अंजना ठाकुर ने संविधान की उद्देश्यिका और प्रवेशिका का वाचन भी किया।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल




गैंग्स ऑफ रायपुर
शिल वर्मा, प्रियंका शर्मा, पुस्पेन्द्र सिंह, अकांक्षा परिहार
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN MULTIPLEX
28th Nov to 04th Dec 2025




Tere Ishk Mein - 12:00, 12:30, 03:00, 03:30, 06:00, 09:00, 09:15 and 09:30 pm
Zootopia 2 - 06:30 pm
Gangs Of Raipur - 12:15 pm
De De Pyaar De 2 - 06:15 pm
Masti 4 - 03:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

# निलंबन आदेश रद्द नहीं होने से प्रदेश शिक्षक साझा मंच नाराज

**जिला कलेक्ट्रेट घेराव एवं आंदोलन की चेतावनी**




राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच के सभी 22 प्रदेश संयोजकगण रवींद्र राठौर, केदार जैन, वीरेंद्र दुबे, संजय शर्मा, विकास राजपूत, कृष्णकुमार नवरंग, राजनारायण द्विवेदी, भूपेंद्र बनाफर, शंकर साहू, भूपेंद्र गिलहरे, चेतन बघेल, गिरीश केशकर, लैलूंन भरतद्वाज, प्रदीप पांडे, प्रदीप लहरे, राजकिशोर तिवारी, कमल दास मुरचले, प्रीतम कोशले, विक्रम राय, विष्णु प्रसाद साहू, धरमदास बंजारे एवं अनिल कुमार टोप्पो आदि ने सोशल मीडिया में संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि प्रदेश के शिक्षक एवं कर्मचारी नेता और साझा मंच के प्रदेश संयोजक जाकेश साहू का निलंबन आदेश यदि अतिशीघ्र मूलतः रद्द नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में जिला कलेक्टर राजनांदगांव एवं कार्यालय पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित पुलिस थाने में लिखित सूचना देकर शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ प्रदेश व जिला इकाई राजनांदगांव द्वारा संयुक्त रूप से जिला कलेक्टर एवं डीईओ कार्यालय का घेराव करेगा।

शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के सभी प्रदेश संयोजकों ने बताया कि, शिक्षक नेता जाकेश साहू शिक्षक साझा मंच के प्रदेश संयोजक एवं अपने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हैं। उनके द्वारा शिक्षकों की समस्याओं को अपने संगठन व साझा मंच के बैनर तले उठाया जाता है। प्रदेश में शिक्षकों की पदोन्नति, क्रमोन्नति एवं विभिन्न मांगों को लेकर समय-समय पर हड़ताल आंदोलन आदि होता है।

साथ ही विभिन्न ऐसी योजनाएं जो शिक्षकों के हित में नहीं रहती, ऐसी योजनाओं का शिक्षक संगठनों द्वारा विरोध किया जाता है। अन्य कर्मचारी संगठनों के द्वारा अपनी मांगों को लेकर किया जा रहे आंदोलन का शिक्षक संगठन द्वारा भी समर्थन किया जाता है। एक कर्मचारी संगठन द्वारा दूसरे कर्मचारी संगठन को समर्थन देना एक सामान्य प्रक्रिया है। इसी परिपेक्ष में छत्तीसगढ़ जागरूक शिक्षक संघ एवं संयुक्त कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश संयोजक जाकेश साहू ने सोशल मीडिया के माध्यम से सेवा सहकारी समिति कर्मचारियों के हड़ताल का समर्थन किया था, तथा व्हाट्सएप चैटिंग में सरकार द्वारा उनकी बर्खास्त व किए गए एफआईआर को गलत बताते हुए उनकी मांगे पूरी करने की सरकार से मांग की थी। उक्त व्हाट्सएप चैटिंग को किसी असामाजिक एवं उनके विरोधी तत्वों के द्वारा कुछ प्रतिनिधियों के पास शिकायत कर जिला कलेक्टर को शिकायत की गई एवं जिला कलेक्टर के अनुमोदन पर डीईओ ने प्रधान पाठक जाकेश साहू का निलंबन आदेश जारी किया गया है।

शिक्षक साझा मंच ने उक्त निलंबन को गलत बताते हुए राजनांदगांव जिला प्रशासन से मांग की है कि उक्त निलंबन आदेश को अविलंब रद्द की जाए। यदि उक्त निलंबन आदेश रद्द नहीं किया गया है, तो आने वाले दिनों में प्रदेश भर के शिक्षक हजारों की संख्या में राजनांदगांव में उपस्थित होकर कार्यालय जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय राजनांदगांव का अनिश्चितकालीन घेराव एवं धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

## आज 7 प्रकरणों में 16 लाख 36 हजार 800 रूपए मूल्य के 528 क्विंटल (1320 बोरा) अवैध धान जप्त



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आने वाले समय में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान की बिक्री करने की पुनरावृत्ति होने एवं संलिप्त पाए जाने पर अपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए जा सकते हैं। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा आज कुल 7 प्रकरणों में 16 लाख 36 हजार 800 रूपए मूल्य के 528 क्विंटल (1320 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 138 प्रकरणों में 5 करोड़ 26 लाख 14 हजार 6 रूपए मूल्य के 16972.26 क्विंटल (42431 बोरा) अवैध धान एवं 8 वाहन जप्त किया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार आज राजनांदगांव अनुविभाग में 5 प्रकरण में 12 लाख 95 हजार 800 रूपए मूल्य के 418 क्विंटल (1045 बोरा) अवैध धान एवं डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 2 प्रकरणों में 3 लाख 41 हजार रूपए मूल्य के 110 क्विंटल (275 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया है। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 57 प्रकरणों में 3 करोड़ 1 लाख 60 हजार 520 रूपए मूल्य के 9729.20 क्विंटल (24323 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 39 प्रकरण में 1 करोड़ 66 लाख 1 हजार 706 रूपए मूल्य के 3439.26 क्विंटल (8598 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन तथा डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 42 प्रकरणों में 1 करोड़ 17 लाख 91 हजार 780 रूपए मूल्य के 3803.80 क्विंटल (9510 बोरा) अवैध धान एवं 4 वाहन जप्त किया गया है।

जिले में कोचियों एवं बिचौलियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले के 1500 छोटे एवं बडे मंडी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचीबद्ध कर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं खाद्य व मंडी के अधिकारियों को जांच कर अवैध रूप से भंडारित धान जप्त किए जाने तथा सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिये गये है। जिले में अंतर्राज्यीय अवैध धान आवक के रोकथाम हेतु जिले में कुल 3 अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बोरतलाब, पाटेकोहरा एवं कल्लूबंजारी स्थापित किया गया है। जहां पर मंडी, नगर सेना, वन विभाग एवं राजस्व के अधिकारियों द्वारा तीन पालियों में 24 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है।

## आज गांधी सभागृह में अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आज 3 दिसंबर को स्थानीय म्युनिसिपल स्कूल मैदान स्थित गांधी सभागार में दिव्यांग दिवस का आयोजन विभिन्न कार्यक्रमों के बीच मनाया जाएगा। इस अवसर पर गांधी सभागृह में बड़ी संख्या में दिव्यांग जन जुटेंगे।

बता दें कि, दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने, उन्हें समान अवसर एवं अधिकार प्रदान कराने तथा उनके सामर्थ्य से समाज को परिचित कराने के उद्देश्य से अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन किया जाता है। उक्तानुसार इस वर्ष भी 03 दिसम्बर बुधवार को प्रातः 09 बजे से स्थानीय सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम शाला परिसर मैदान एवं गांधी सभागृह में दिव्यांग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### विविध कार्यक्रम होंगे आयोजित

बताया गया है कि आज गांधी सभागार में आयोजित उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत दिव्यांगजनों के लिए विविध गतिविधियों आयोजित की जाएगी। जिसमें खेल-कूद प्रतियोगिताएँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, टॉक शो, फैंसी ड्रेस कम्पीटेशन, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर शामिल है।

इसके साथ ही अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर जिले का नाम रोशन करने वाले दिव्यांगजनों को सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार दिव्यांगता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे अशासकीय एवं स्वैच्छिक संस्थाओं का भी सम्मान किया जाएगा। उप संचालक समाज कल्याण विभाग श्रीमती वैशाली मरड़वार ने अधिक से अधिक संख्या में दिव्यांगजन, स्कूली एवं महाविद्यालयीन दिव्यांग छात्र-छात्राओं तथा दिव्यांगता के क्षेत्र में सक्रिय अशासकीय स्वैच्छिक संस्थाओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## शिक्षा के साथ खेल भी ऊंचाइयों तक ले जाने का महत्वपूर्ण साधन है - कुलसचिव




राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा एवं सहगामी गतिविधियों के क्षेत्र में अग्रणी रॉयल कॉलेज में तीन दिवसीय 'श्री एलएसबी सिंह मेमोरियल अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता 2025' का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों से 12 टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में भूपेंद्र कुलदीप, कुलसचिव, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग (छ.ग.) द्वारा मशाल जलाकर कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया तथा मार्च पास्ट द्वारा विद्यार्थियों ने उन्हें सलामी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं देते हुए जीवन में खेल के महत्व पर प्रकाश डाला तथा समझाया कि खेल के माध्यम से भी विद्यार्थी ऊंचा मुकाम प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा के साथ-साथ खेल पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं में 100 मीटर एवं 200 मी दौड़, 400 मी रिले रेस, कबड्डी, लंबी कूद, खो-खो, कैरम, एवं शतरंज (सभी महिला एवं पुरुष वर्ग) प्रतियोगिताओं को सम्मिलित किया गया।

इसके परिणाम इस प्रकार रहे - 100 मीटर रेस में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान खिलेश्वर श्री राम कॉलेज, द्वितीय यज्ञ प्रकाश रॉयल कॉलेज, तथा तृतीय रामेश्वर संस्कार सिटी रहे। 100 मीटर रेस में महिला वर्ग में प्रथम अनीता चंद्रवंशी अपोलो कॉलेज, हिना नायक अपोलो कॉलेज, तृतीय नेहा निर्मलकर श्री राम कॉलेज ने प्राप्त किया। 200 मीटर रेस पुरुष वर्ग प्रथम रामेश्वर सिंह श्री राम कॉलेज, द्वितीय सागर भुआर्य अपोलो कॉलेज, तृतीय स्थान चंद्रहास दिग्विजय कॉलेज रहे। 200 मीटर रेस महिला वर्ग में प्रथम नेहा निर्मलकर श्री राम कॉलेज, द्वितीय कमलेश्वरी रॉयल कॉलेज, तृतीय स्थान मोनिका साहू अपोलो कॉलेज रहे। रिले रेस 400 मी पुरुष वर्ग प्रथम सौरभ एवं ग्रुप दिग्विजय कॉलेज, द्वितीय कुलेश्वर एवं ग्रुप संस्कार सिटी कॉलेज, तृतीय स्थान उत्तम यादव एवं ग्रुप रॉयल कॉलेज ने प्राप्त किया। 400 मीटर रेस महिला वर्ग सोनम काजल एवं ग्रुप संस्कार सिटी कॉलेज, द्वितीय शिवानी मोनिका एवं ग्रुप अपोलो कॉलेज, तृतीय स्थान नम्रता जानकी एवं ग्रुप बीएम कॉलेज ने प्राप्त किया। लम्बी कूद पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान रामेश्वर श्री राम कॉलेज, द्वितीय स्थान यज्ञ प्रकाश देवांगन रॉयल कॉलेज, तृतीय स्थान खिलेश्वर श्री राम कॉलेज ने प्राप्त किया। लम्बी कूद महिला वर्ग प्रथम हिना अपोलो कॉलेज, द्वितीय कुलेश्वरी रॉयल कॉलेज, तृतीय स्थान सोनम संस्कार सिटी ने प्राप्त किया।

कैरम पुरुष वर्ग प्रथम उत्कर्ष एवं पुरुषोत्तम कांफ्लुएंस कॉलेज, द्वितीय दिव्य कुमार एवं विक्रम रॉयल कॉलेज, तृतीय स्थान बी.श्रीवत्स एवं ढालेन्द्र रॉयल कॉलेज ने प्राप्त किया। कैरम महिला वर्ग प्रथम भुवनेश्वरी एवं नेहा चंद्राकर अपोलो कॉलेज, द्वितीय किरण एवं पूजा अपोलो कॉलेज, तृतीय स्थान जया एवं ज्योति मांडवी सोमनी महाविद्यालय रहे। शतरंज महिला वर्ग प्रथम प्रज्ञा कमला देवीराठी महिला महाविद्यालय, द्वितीय स्थान गायत्री नेताम रॉयल कॉलेज ने प्राप्त किया। शतरंज पुरुष वर्ग में प्रथम कृष्ण कुमार वर्मा रॉयल कॉलेज, द्वितीय स्थान टोमेश कुमार सेंट्रल इंडिया महाविद्यालय देवादा रहे। कबड्डी पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव एवं द्वितीय स्थान अपोलो कॉलेज अंजोरा दुर्ग रहे। कबड्डी महिला वर्ग में रॉयल कॉलेज लालबाग राजनांदगाँव का प्रथम स्थान एवं अपोलो कॉलेज अंजोरा दुर्ग ने द्वितीय प्राप्त किया। खो-खो महिला वर्ग में अपोलो कॉलेज अंजोरा प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान रॉयल कॉलेज रहे। खो-खो पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान श्रीराम कॉलेज एवं द्वितीय स्थान दिग्विजय कॉलेज ने प्राप्त किया। सभी आउटडोर प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में श्री इमरान खान, नवीन कुमार, सुनील कुमार भट्टाचार्य एवं सुकचंद रहे, खेल प्रभारी एम.एस. नारंग रहे।

कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष डॉ. सविता सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, बरसर इंद्रकुमार वैष्णव, प्राचार्य डॉ. अनुराधा शुक्ला एडवाइजर श्रीमती इला सिंह ने अपने आशीष वचन द्वारा कार्यक्रम की सफलता हेतु शुभकामनाएं दी एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन समिति के सदस्यों डॉ. यामिनी साहू (उप प्राचार्य), डॉ. संध्या महोबे, डॉ. रागिनी सरजारे, एम.एस. नारंग, श्रीमती घनेश्वरी साहू, डॉ. जागेश्वरी साहू, सुनील कुमार भट्टाचार्य, पी.एल. महोबे, श्रीमती शशिकला सिंह द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाई गई।

## श्रीराम की 77 फुट ऊँची कांस्य प्रतिमा का अनावरण



राजनांदगांव (दावा)। श्री संस्थान गोकर्ण परतगाली जीवोत्तम मठ की 550वीं सार्ध पंचशताब्दी महोत्सव के पावन अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान श्रीरामचंद्र की विश्व की सबसे ऊँची 77 फुट कांसे की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। यह ऐतिहासिक क्षण न केवल गोवा, बल्कि सम्पूर्ण देश के लिए संस्कृति, आस्था और भारतीय परंपराओं के गौरव का प्रतीक बन गया। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रतिमा अनावरण के बाद पूजा-अर्चना कर प्रभु श्रीराम के चरणों में देश की समृद्धि और जनकल्याण की मंगलकामनाएँ कीं। विशाल जनसमूह और श्रद्धालुओं की उपस्थिति इस आयोजन की भव्यता का प्रमाण बनी।

इस दिव्य और ऐतिहासिक आयोजन में भाजपा ग्रामीण मंडल पश्चिम, जिला राजनांदगांव के पदाधिकारीगण ने विशेष रूप से सहभागिता कर प्रभु श्रीराम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त किया। मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने इस अवसर को भक्ति, गर्व और संगठन की एकजुटता के साथ अनुभव किया। उपस्थित पदाधिकारियों में मंडल अध्यक्ष मनोज साहू उपाध्यक्ष रमेश चंद्राकर, मुकेश साहू महामंत्री मोती देवांगन मंत्री हमदीप साहू मीडिया प्रभारी देवल साहू सह मीडिया प्रभारी हिपेन्द्र साहू कार्यालय प्रभारी गुनीत साहू पदाधिकारियों ने कहा कि, प्रधानमंत्री द्वारा प्रभु श्रीराम की भव्य प्रतिमा का अनावरण राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना को और अधिक सशक्त करने वाला ऐतिहासिक कदम है। यह क्षण भारतीय सभ्यता की समृद्ध धरोहर और आध्यात्मिक गौरव का अद्वितीय प्रतीक बन गया।

## शराब पीकर शांति भंग करने वाला बदमाश पकड़ाया

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में शराब पीकर शांति भंग करने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की है। चौकी चिखली प्रभारी कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि आज 2 दिसंबर को शराब के नशे मे एक व्यक्ति द्वारा मेरे खिलाफ पुलिस में शिकायत करते हो कहकर वाद-विवाद मोहल्ले में शांति भंग करने वाले बदमाश के द्वारा संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। बदमाश का नाम सुखदेव साहू पिता स्व. तिलकराम साहू उम्र 29 साल निवासी मोतीपुर आजाद चौक बताया जाता है। श्री मरई ने बताया कि उक्त बदमाश को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शेख शादाब उम्र 18 वर्ष (SHEIKH SHADAB) पिता शेख शरीफ निवासी गोल बाजार वार्ड नंबर 26, मकान नंबर 538, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हूँ। यह शपथ करता हूँ कि मेरे दसवीं के अंकसूची में अंग्रेजी के नाम में त्रुटिवश मेरा नाम शेख शादाब (SHEKH SHADAB) पिता शेख शरीफ लिखा है जिसे बदलकर नया नाम शेख शादाब (SHEIKH SHADAB) पिता शेख शरीफ रख लिया है। अतः आज से मुझे मेरे नये नाम शेख शादाब (SHEIKH SHADAB) पिता शेख शरीफ को समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में दर्ज किया जाये और मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

**शेख शादाब**
निवासी- गोलबाजार, वार्ड नंबर 26
मकान नंबर 538, राजनांदगांव (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं संदीप कुमार भट्टाचार्य पिता श्यामल भट्टाचार्य घर का नंबर 78 सृष्टि कॉलोनी, कॉलेज रोड राजनांदगांव (छ.ग.) 491-441 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम संदीप कुमार भट्टाचार्य पिता श्यामल भट्टाचार्य को त्याग कर नया नाम संदीप भट्टाचार्य पिता श्यामल भट्टाचार्य रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरा नया नाम संदीप भट्टाचार्य पिता श्यामल भट्टाचार्य के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

**संदीप भट्टाचार्य**
पिता-श्यामल भट्टाचार्य
घर का नंबर 78, सृष्टि कॉलोनी,
कमला कॉलेज रोड राजनांदगांव
मो.नं. 9425559007

### ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक राजेश कुमार खोब्रागढ़े छगनलाल खोब्रागढ़े जाति महार निवासी कोरोमटोला तह. मोहला जिला-मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.) का निवासी हूं। मेरे पुत्री VIDHI KHOBRAGADE के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है जिसमें नाम के स्थान KUMARI BIDHI अंकित है। उक्त नाम गलत है, परन्तु मेरे पुत्री के नाम से जारी अंकसूची जन्म प्रमाण पत्र अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर VIDHI KHOBRAGADE अंकित है। उक्त नाम सही है इसलिये आधार कार्ड में KUMARI BIDHI अंकित है, उसे सुधार करवाकर VIDHI KHOBRAGADE अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत है जो जरूरत वक्त पर काम आवे।
स्थान-अं.चौकी
दिनांक- 02/12/2025

आवेदक
**राजेश कुमार**
निवासी ग्राम कोरोमटोला
तह.-मोहला, जिला-मो.मा.अं.चौकी

### न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)

धारा 6 (2) देखिये

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि पक्षकारगण आवेदक स्वप्निल गायकवाड़ पिता श्री कन्हैयालाल गायकवाड़ आयु-31 वर्ष, निवासी-कौरिनभांठा, थाना बसंतपुर, तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) एवं आवेदिका पूजा देशमुख पिता स्व. श्री युवराज देशमुख माता श्रीमती धरम देशमुख आयु -32 वर्ष, निवासी नई पुलिस लाईन, 18 एकड़ थाना बसंतपुर राजनांदगांव तहसील व जिला-राजनांदगांव वर्तमान पता- न्यू पोलिस लाईन, ब्लॉक जी/ए, क्वार्टर नंबर जी/ए-2, जेल तिराहा, हुडको फाटक के समीप, दुर्ग (छ.ग.) (पक्षकारों का नाम) से विशेष विवाह अधिनियम 1954 (क्रमांक-4 सन् 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र पेश किया गया है। प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी दिनांक 05/01/2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।
जारी दिनांक :- 27/11/2025
पेशी दिनांक :- 05/01/2025

**अपर कलेक्टर**
**जिला विवाह अधिकारी**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-2-3
456-5 246-2
राजधानी
4-6-8
460-0 145-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# पोस्ट आफिस व आधार केंद्र में नाम व सरनेम सुधार के लिए उमड़ रही भीड़

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों लगभग देश भर में एसआईआर का कार्य द्रुत गति से जारी है। लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम सुरक्षित रखने के लिए आधार कार्ड की फोटो कॉपी जमा करानी पड़ रही है। स्वयं के मोबाइल नंबर दर्ज करवाने पड़ रहें हैं। यदि आधार कार्ड में नाम, सरनेम व जन्म तिथि आदि से संबंधित त्रुटियां हो तो उसे सुधरवाकर जमा करवाना आवश्यक हो गया है। इसके चलते पोस्ट आफिस व आधार केंद्र में उक्त गलतियां सुधरवाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इन स्थानों इसमें सुबह 7 बजे से ही लोगों का तांता लग रहा हैं।



बता दें कि इन दिनों जारी एसआईआर फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू होने के चलते लोगों को पहले आधार सुधरवाना जरूरी हो गया है। इस वजह से शहर के सभी आधार केंद्रों पर रोजाना लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं। लोग जल्द से जल्द अपने आधार कार्ड की त्रुटियां सुधारवाकर तथा एस आईआर फार्म में जमा कर छुट्टी पाना चाहते हैं। लेकिन भीड़ इतनी है कि उन्हें उक्त सुधार कार्य में समय लग रहा है।

**एसआईआर फार्म भरने के लिए आधार अपडेट कराने वालों का तांता, परेशान हो रहे लोग**

### आधार केंद्रों में कैंपों जैसे बने हालात

इन दिनों एसआईआर प्रक्रिया के चलते आधार कार्ड में नाम व सरनेम सहित अन्य त्रुटियां सुधार के लिए आधार सेंटर में बडा कैंप लगे होने जैसे हालात निर्मित है। सुबह के 7 बजते ही पोस्ट ऑफिस और आधार सुधार केंद्रों के बाहर लंबी कतारें लग जाती हैं। लोगों का कहना है कि नाम, सरनेम और अन्य विवरण गलत होने के कारण उन्हें बार-बार दिक्कतें आ रही थीं। अब एसआईआर फॉर्म भरने की अनिवार्यता के कारण आधार में सुधार कराना जरूरी हो गया है। पोस्ट ऑफिस के बाहर अपने आधार कार्ड सुधरवाने दर्जनों लोगों को टोकन पाने के लिए इंतजार करते देखे गए।

कई लोग तो सुबह से ही घर से बगैर चाय पिएं लाइन में आकर खड़े हुए थे। भीड़ में लोगों का धक्का खाते खड़े लोगों का कहना था कि, उन्हें पहले टोकन मिल गया तो काम जल्दी हो जाएगा, नहीं तो पूरा दिन निकल जाएगा।

### आधार कार्ड में त्रुटियां बनी दिक्कत की वजह

बता दें कि आधार कार्ड में लोगों के नाम, सरनेम जन्मतिथि व अन्य त्रुटियां होने की वजह से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यदि त्रुटि सुधार नहीं करवाया गया तो उन्हें अपने वोट का उपयोग करने मतदाता सूची से नाम कट जाएगा। इससे डरे हुए लोग आधार कार्ड में त्रुटियां सुधार करवाना जरूरी समझ रहे हैं। बताते चलें कि आधार कार्ड में कई लोगों का नाम गलत, किसी का सरनेम ग़लत लिखा हुआ है। कुछ के पिता का नाम, जन्मतिथि और एड्रेस तक गलत लिखे हुए है। अधिकारियों की मानें तो जिन लोगों की आधार जानकारी गलत है। उन लोगों को एसआईआर फॉर्म भरने से पहले सुधार करवाना अनिवार्य है, इसलिए भीड़ बढ़ गई है। केंद्र संचालकों का कहना है कि, रोज़ाना क्षमता बढ़ाई जा रही है, लेकिन फिलहाल भीड़ में कम होने के आसार नजर नहीं आ रहा।

# जमीन रजिस्ट्री दरों में बेतहाशा वृद्धि के विरोध में आम आदमी पार्टी का हल्ला बोल




राजनांदगांव (दावा)। जमीन रजिस्ट्री के दरों में हुई भारी वृद्धि के विरोध में आम आदमी पार्टी ने जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोनी के नेतृत्व में मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट के सामने हल्ला बोल धरना-प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में नागरिक, किसान, व्यापारी और पार्टी कार्यकर्ता एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी 'साय सरकार होश में आओ', 'जनविरोधी फैसला वापस लो' जैसे नारे लगाते हुए रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचे अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा को पत्र सौपा। धरना स्थल पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र सोनी ने कहा कि साय सरकार द्वारा जमीन की खरीदी-बिक्री के रेट में की गई बेहताशा बढ़ोतरी से आम नागरिक बुरी तरह प्रभावित हैं। उन्होंने कहा-'जमीन के रेट इतने बढ़ा दिए गए हैं कि अब गरीब, किसान, छोटा व्यापारी और मध्यम वर्ग जमीन खरीदने या बेचने की स्थिति में नहीं है। यह फैसला उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया है। सरकार को तुरंत जमीन रजिस्ट्री दरों को कम करना चाहिए।'

**जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोनी बोले- 'साय सरकार ने आम जनता की कमर तोड़ दी**

उन्होंने दुर्ग जिले में जमीन व्यापारियों के विरोध के दौरान हुए लाठीचार्ज की भी कड़ी निंदा की और कहा कि सरकार जनता की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है, जो लोकतंत्र के विरुद्ध है। इसके बाद आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जमीन रजिस्ट्री दरों में हुई वृद्धि को वापस लेने, दरों का पुनर्मूल्यांकन कर आमजन को राहत देने तथा जनहित में नीतियाँ बनाने की मांग की। अंत में प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जमीन रजिस्ट्री दरों में कमी नहीं की, तो आम आदमी पार्टी जिले में बड़े स्तर पर चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी। इस मौके पर मौजूद प्रमुख कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी विद्या त्रिपुरे, हर्षिता सोनी, चित्रमणि वर्मा, कल्पना बंसोड, सरस्वती भद्रा, भूपेश तिवारी, आर.एस. नेहरा, सूरज, आरिफ खान, कविता गढ़पायले, प्रभाँसु खोबरागड़े, सूरज डोंगरे, प्रतिमा ठाकुर, जय डोंगरे, प्रमोद सिंह राजपूत सहित अन्य आम आदमी पार्टी के सदस्य और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# दिग्विजय महाविद्यालय एवं आईबी ग्रुप के मध्य हुआ एमओयू




राजनांदगांव(दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव एवं भारत के प्रतिष्ठित उद्योग संस्थान आई बी ग्रुप के मध्य विभिन्न रोजगारोन्मुखी एवं अकादमिक क्षेत्र में सहयोग को लेकर दोनों संस्थान के मध्य समझौता (एमओयू) किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता दिग्विजय महाविद्यालय के निर्देशन में प्रभारी प्राचार्य डॉ.अनिता महिश्वर एवं आई.बी. ग्रुप के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंजुम अल्वी के द्वारा एमओयु समझौता दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर इस प्रक्रिया को पूरा किया गया। डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि दोनों संस्थानों के मध्य इस समझौते से महाविद्यालय के छात्रों के लिये रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे व नई शिक्षा नीति के तहत छात्र छात्राएं इर्न्टनशिप का लाभ उठा पायेगें। आई.बी. ग्रुप के अधिकारी महा. में छात्रों के मध्य अपने औद्योगिक अनुभव को भी साझा कर पायेंगें। महाविद्यालय शैक्षणिक संस्थान है, इसलिए समस्त शैक्षणिक तथा औद्योगिक संस्थान में इन्टर्नशिप को ध्यान में रखते हुए यह समझौता दोनों ही संस्थान के लिए बहुत लाभदायक होगा। दोनों ही संस्थान अपने अलग अलग संरचना के कारण पृथक होते हुए भी एमओयु के द्वारा एक दूसरे के साथ मिलकर काम करेंगे। उक्त एमओयु में हस्ताक्षर के दौरान डॉ. संजय ठिसके संयोजक रोजगार एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं दीपक कुमार परगनिहा (रजिस्ट्रार), आई.बी. ग्रुप से कृष्ण मोहन उपस्थित रहे।

# भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती को भिलाई विधानसभा का प्रभारी बनाए जाने पर कार्यकर्ता में हर्ष



डोंगरगढ़(दावा)। भाजपा प्रदेश कार्यालय द्वारा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार विधानसभा प्रभारी की नियुक्ति की गई है। जिसमें पूर्व विधायक व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती को भिलाई का प्रभारी बनाया गया है। श्री भारती को भिलाई विधानसभा का प्रभारी बनाए जाने से कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

श्री भारती को प्रभारी बनाए जाने पर प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक शशिकांत द्विवेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंदर सिंग बनोआना, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील चीकू जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रकाश चोवड़िया, कुलवंत कक्कड़ ,प्रदीप बाघ, तुलसी मिश्रा ,नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बनोआना, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ, मंडल महामंत्री विनीत यादव, विनय बंसल, सांसद प्रतिनिधि तरुण हत्थेल, नपा सभापति अमित जैन, रेखा राजेश राघौते, देवेंद्र साखरे, हरीश मोटघरे, सुमित ताम्रकार, पार्षद शिवांगी साखरे, बबीता मलागार, शारदा यादव, अनीश निर्मलकर ,भाजपा कोषाध्यक्ष भागवत नामदेव, उपाध्यक्ष अनिल पांडे, अलका जयेश सहारे, सरफराज नवाज, एस पी मिश्रा, कैलाश सोनवानी, लक्ष्मी यादव, सुषमा कोठारी, अनीता इंदुलकर, आकाश राजपूत, विवेक मोनू भंडारी, विजेंद्र सिंह ठाकुर, लोकेश इंदुलकर, मुकुंद कडरा, ओम कोठारी, डिंपी महापात्रे, कुंदन साहू, मिथिलेश साहू, चितरंजन साहू, कन्हैया अग्रवाल, ऋषभ लारोंकर, दीपक ठाकुर, ओम प्रकाश सहारे, महेश सहारे, आवेश निगम, शुभम परिहार, विक्रांत राजपूत, बादल मरस्कोले, कैलाश मेश्राम, गिरीश साहू, रामकुमार डडसेना, हिमांशु सेन, आदित्य मिश्रा, अजय शर्मा सहित अन्य शामिल है।

### पुराना ढाबा में 7 दिसंबर को मड़ई

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पुराना ढाबा वार्ड नं. 4 में मड़ई मेला उत्सव 7 दिसंबर दिन शनिवार को स्कूल मैदान में रखा गया है एवं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगझाझर का आयोजन होगा। आयोजन समिति में अध्यक्ष सचिन टुरहाटे पार्षद प्रतिनिधि को नियुक्त किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष ने सभी नगरवासियों से मड़ई मेला उत्सव में पहुंचने की अपील की है।

# भाई को गाली देने की बात पर ढाबे में लहराया चाकू स्टीक, दो आरोपी गिरफ्तार




**2 नग धारदार चाकू व एक एक्टीवा वाहन जप्त**

राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में भाई की गाली देने की बात पर ढाबे में चाकू स्टीक लहराने वाले दो आरोपी को धर दबोचा है।

सोमनी थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि घटना के संबंध में प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दुर्ग निवासी शाहरूख, इजू इरानी, मुंसिफ खान उर्फ अद्दू पटेल एवं मुकेश सभी प्रार्थी द्वारा संचालित हाईवे ढाबा देवादा में आये और फोन में मेरे भाई को गाली दिये हो कहकर मॉ बहन की अश्लील गाली गलौच कर रहे थे, शाहरूख अपने हाथ मे हांकी स्टीक तथा इजु इरानी अपने हाथ मे चाकू रखा था और गाली-गलौज कर ढाबे मे हंगामा कर चाकू एवं हांकी स्टीक लहराते हुए कुछ देर तक ढाबा मे घुमे फिर चले गये।

### सायबर सेल के सहयोग से पकड़े गए आरोपी

पुलिस ने आरोपी मुंसिफ खान एवं शाहरूख हुसैन से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू एवं स्कूटी क्र. सीजी-07/सीके 4182 एक्टीवा को जप्त किया गया। आरोपी शाहरूक हुसैन पिता जाकीर हुसैन उम्र 25 साल तथा मुंशिफ खान उर्फ अद्दू पटेल पिता मैफूज खान उम्र 21 साल दोनों निवासी कसारीडीह दुर्ग थाना पद्मनाभपुर जिला दुर्ग बताया जाता है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें जेल दाखिल कर दिया गया है। श्री नामदेव ने बताया कि इस मामले में अन्य आरोपी इजु इरानी एवं मुकेश फरार है। जिनकी शीघ्र गिरफ्तारी कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# फेडरेशन का आंदोलन उफान पर, 29 से 31 दिसंबर तक कलम बंद हड़ताल

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की तरफ से 11 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। प्रथम चरण में 16 जुलाई 2025 को जिला कलेक्टरों के माध्यम से मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया था। 22 अगस्त 2025 को फेडरेशन के नेतृत्व में कलम बंद-काम बंद आंदोलन के तहत सामूहिक अवकाश लेकर जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन किया गया। साथ ही ज्ञापन भी सौंपा गया था।

**संभागवार बैठकों का ऐलान**

### सरकार की अनदेखी से कर्मचारियों में नाराजगी

संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि, फेडरेशन की तरफ से 'मोदी की गारंटी' के तहत किए गए वादों को पूरा करने की मांग की जा रही है। इसके लिए आंदोलन के माध्यम से लगातार शासन-प्रशासन से पत्राचार किया जा रहा है। इसके बावजूद अब तक निराकरण के लिए त्वरित कार्यवाही नहीं होने के कारण प्रदेश के कर्मचारी-अधिकारी काफी आक्रोशित हैं।

### बदली गई हड़ताल की तारीख

फेडरेशन की प्रांतीय कोर कमेटी की 19 नवंबर 2025 को हुई बैठक में 22 से 24 दिसंबर तक (तीन दिवसीय) निश्चितकालीन आंदोलन करने का निर्णय लिया था। अब इस निश्चितकालीन आंदोलन को 29 दिसंबर से 31 दिसंबर तक (तीन दिवसीय) करने का निर्णय लिया है।

### संभाग स्तरीय बैठक सूचना

फेडरेशन से 29 से 31 दिसंबर तक घोषित हड़ताल को सफल बनाने के लिए संभाग स्तरीय बैठकों का कार्यक्रम जारी कर दिया है।

दुर्ग संभाग -13 दिसंबर स्थान दुर्ग, बिलासपुर संभाग-18 दिसंबर स्थान बिलासपुर, सरगुजा संभाग-19 दिसंबर स्थान सूरजपुर, रायपुर संभाग-20 दिसंबर स्थान रायपुर, बस्तर संभाग- 21 दिसंबर स्थान दंतेवाड़ा। इन बैठकों में फेडरेशन से संबद्ध सभी प्रांत अध्यक्ष/महामंत्री, संभाग के समस्त पदाधिकारीगण, जिला संयोजक/महासचिव शामिल होंगे।

# विश्व एड्स दिवस पर समता जन कल्याण समिति द्वारा जागरूकता रैली एवं संगोष्ठी संपन्न




राजनांदगांव (दावा)। विश्व एड्स दिवस 2025 के अवसर पर समता जन कल्याण समिति, राजनांदगांव द्वारा संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना (टीआई प्रोजेक्ट) के अंतर्गत व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत संस्था ने कमलादेवी राठी महाविद्यालय के सहयोग से भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समुदायजन ने सक्रिय रूप से भाग लिया। रैली का शुभारम्भ शिशुपाल खोब्रागढ़े अध्यक्ष समता जन कल्याण समिति राजनांदगाव एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ जय सिंह साहू द्वारा किया गया। जागरूकता रैली का आयोजन रैली की शुरुआत कमला कॉलेज परिसर से हुई, जो गौरवपथ अनुपम नगर होते हुए स्वामी विवेकानंद चौक पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली में छात्रों द्वारा एचआईवी/एड्स रोकथाम संबंधी स्लोगन जोर-जोर से दोहराए गए, तख्तियों एवं प्लेकार्ड्स के माध्यम से लोगों को एड्स से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। पम्पलेट एवं आईइसी सामग्री का वितरण किया गया, सुरक्षित व्यवहार एवं नियमित जांच की आवश्यकता पर जनता को जागरूक किया गया। स्वामी विवेकानंद चौक पर संस्था द्वारा जागरूकता स्टॉल लगाया गया, जहाँ समुदाय के लोगों को एचआईवी/एड्स के फैलने के कारण, बचाव उपाय, निःशुल्क जांच एवं उपचार सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित लोगों को रेड रिबन लगाया गया और हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से 'एचआईवी से सुरक्षित रहने का संकल्प' दिलाया गया।

कमला कॉलेज में संगोठी संगोष्ठी में श्री मुंजारे द्वारा लक्षित हस्तक्षेप परियोजना के उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं उपलब्धियाँ, एचआईवी/एड्स रोकथाम में समुदाय की भूमिका, पीएलएचआईवी के लिए उपलब्ध सेवाएँ, समाज एवं स्वास्थ्य संस्थानों में पीएलएचआईवी के प्रति प्रचलित कलंक एवं भेदभाव पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कमला कॉलेज से प्रभारी प्राचार्य जयसिंह साहू, श्रीमती नीलम धानसांय संगीत विभाग से उमेश पनरिया एवं एनएसएस के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। संस्था की अपील समता जन कल्याण समिति ने आम नागरिकों से अपील की है कि, एचआईवी/एड्स से संबंधित भ्रांतियों को दूर करें, सुरक्षित व्यवहार अपनाएँ, नियमित रूप से एचआईवी जांच कराएँ, और पीएलएचआईवी के प्रति सम्मानपूर्ण एवं संवेदनशील व्यवहार रखें। विश्व एड्स दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों ने समुदाय में जागरूकता बढ़ाने और भेदभाव खत्म करने के संदेश को प्रभावी रूप से प्रसारित किया।

# अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में जिले ने विभिन्न मानकों पर उच्च श्रेणी किया हासिल




राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में सतत निगरानी के कारण राजनांदगांव जिले ने विभिन्न मानकों पर उच्च श्रेणी हासिल किया है। उन्होंने आगे भी शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए सभी विभागों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विद्युत विभाग एवं जनपद सीईओ सक्रियतापूर्वक कार्य करें। उन्होंने वेंडर चयनित करने के बाद सोलर पैनल लगाने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से जनमानस को अधिक से अधिक लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि यूनिसेफ अंतर्गत बच्चों में पढ़ाई के प्रति रूचि जागृत करने के लिए पढ़ाई का कोना बनाने की पहल की जा रही है। बच्चों के अपने घर में पढ़ाई का एक कोना होना चाहिए। इससे सभी शिक्षक, अभिभावक भी जुड़ेंगे। कलेक्टर ने सभी एसडीएम ने कहा कि धान खरीदी शासन का महत्वपूर्ण कार्य है। इसे प्राथमिकता देते हुए करें और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए। उन्होंने अवैध धान का परिवहन करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों पर कार्रवाई बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनदर्शन, पीजीएन, सीएम जनदर्शन में प्राप्त प्रकरणों अंतर्गत अवैध अतिक्रमण, पेंशन, किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनसामान्य उम्मीद लेकर जनदर्शन में आते है, सभी अधिकारी आवेदनों का संवेदनशीलतापूर्वक निराकरण करें। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त कोविड-19 संक्रमण के दौरान अभिभावकों की मृत्यु होने पर ऐसे प्रभावित बच्चों को शिक्षा के लिए मदद करने हेतु शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं के तहत अधिक से अधिक जनमानस को लाभान्वित करने के लिए कहा।

- कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगाने के कार्य में गति लाने के दिए निर्देश
- बच्चों में पढ़ाई के प्रति रूचि जागृत करने के लिए पढ़ाई का कोना बनाने की जा रही पहल
- अवैध धान का परिवहन करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों पर कार्रवाई बढ़ाने के दिए निर्देश

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक ही योजना अंतर्गत बैंक में सभी विभागों का सिंगल बैंक खाता होना चाहिए। इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करते हुए ऐसे एकाउंट जिनमें ट्रांजेक्शन नहीं हो रहा है, उसे बंद कर दें। उन्होंने कहा कि जिले में मिशन जल रक्षा अंतर्गत ग्रीष्मकालीन धान के बदले फसल विविधीकरण के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, यह एक सराहनीय पहल है। सभी जनपद सीईओ इसके लिए मुनादी कराएं। जल सरंक्षण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने जिले में टीकाकरण की प्रगति, आयुष्मान कार्ड, अपार आईडी कार्ड, पशुपालन विभाग द्वारा लगाए गए शिविर की प्रशंसा की। उन्होंने जिले में मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष तौर पर ध्यान देने के लिए एएनसी चेकअप, दवाईयों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित समय पर जीएसटी रिटर्न जमा करने के लिए कहा। उन्होंने विनोबा एप, भू-बंटन की स्थिति, स्वामित्व योजना, एग्रीस्टेक पोर्टल, इंटकवेल निर्माण कार्य, पोषण पुर्नवास केन्द्र, मातृत्व वंदन योजना सहित शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रयास आवासीय विद्यालय के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसानों को ग्रीष्मकाल में रबी फसल अंतर्गत धान के बदले अन्य फसल लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बैठक में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, आयुक्त नगर पालिक निगम अतुल विश्वकर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से एसडीएम डोंगरगढ़ एम भार्गव, एसडीएम राजनांदगांव गौतम चंद पाटिल, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आरी-कोनारी में 5 को मंडई मेला

डोंगरगाँव(दावा)। समीपस्थ ग्राम आरी-कोनारी में 5 दिसम्बर को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। ग्राम समिति के सदस्यों उदय राम निषाद, राजेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र पटेल एवं अन्य ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मंडई मेला के अवसर पर रात्रि में ग्राम में पहुंचे अतिथियों के मनोरंजन के लिए मां छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी साल्हेटोला चारामा जिला कांकेर वालों का कार्यक्रम आयोजित है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रण सूचना**

**अधिसूचना क्र.: NGP/COM/Catering/PBCO/Main, Nagpur दि.: 28.11.2025.**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा विभिन्न स्टेशनों पर प्रीमियम सिंगल ब्रांड फूड आउटलेट स्थापित करने के लिए इच्छुक पार्टियों / कंपनियों / फर्मों (कंपनी के स्वामित्व वाली / संचालित / फ्रैंचाइज़ी) से **"रुचि की अभिव्यक्ति (EOI)"** आमंत्रित की जाती है। इसका उद्देश्य यात्रा करने वाले यात्रियों को जैसे हवाई अड्डों पर यात्रियों को विश्व स्तरीय उपलब्ध समतुल्य सुविधाएं प्रदान करना है।

रुचि की अभिव्यक्ति का मकसद रेलवे बोर्ड / रेल मंत्रालय के दिनांक 13.11.2025 के कमर्शियल सर्कुलर नंबर 22 के मुताबिक ज़रूरतों के विश्लेषण के लिए इच्छुक पात्रों से इनपुट और सुझाव इकट्ठा करना है।

इच्छुक पार्टियों से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, किंग्सवे, नागपुर-440001 द्वारा उनके प्रस्ताव दिनांक **10.12.2025** तक जमा करने हेतु आमंत्रित है।

रुचि की अभिव्यक्ति में आवेदक का नाम, पता, मोबाइल नंबर, प्रोफ़ाइल और टेक्निकल अनुभव लिखा होना चाहिए। रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्ताव में टेबल के रूप में अलग-अलग जानकारी साफ तौर पर बताई जानी चाहिए जैसे - ऑफर किए गए स्टेशनों के नाम, कम से कम ज़रूरी क्षेत्रफल की जानकारी, दी जाने वाली सेवाएं, ऑपरेशनल प्लान, कितने वर्षों तक सेवा देने हेतु इच्छुक है और दूसरी जानकारी, अगर कोई हो।

अधिक जानकारी और स्पष्टीकरण के लिए, इच्छुक पार्टियां वाणिज्य ब्रांच, नागपुर मंडल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संपर्क कर सकते हैं।

**नोट** - आवंटन निर्धारित प्रक्रिया के पूरा होने के बाद ही किया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

AIM/45-210 swachh bharat - keepindiaclean

## अनमोल दावा

> खुद के आत्मसम्मान पर लगी ठेस इंसान को बदल देती है।

# शिक्षा संस्थानों की लचर निगरानी

हम इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि यूजीसी, एआइसीटीई और एनसीटीई जैसी नियामक संस्थाओं के होते हुए भी अक्सर फर्जी विश्वविद्यालयों द्वारा डिग्री देने के मामले सामने आते रहते हैं। यूजीसी हर साल ऐसे फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी करता है। उनमें से कुछ बंद भी किए जाते हैं। फिर भी देश में आज 22 फर्जी विश्वविद्यालय संचालित हैं। इनमें 10 तो अकेले दिल्ली में ही संचालित हैं। दिल्ली में लाल किले के पास धमाके के बाद से फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी संदेह के घेरे में है। उसे आतंकियों के अड्डे के रूप में देखा जा रहा है। दिल्ली बम धमाके का मुख्य आरोपित डा. उमर नबी और उसके कुछ साथी इसी यूनिवर्सिटी में चिकित्सक के रुप में कार्यरत थे। इस यूनिवर्सिटी में कार्यरत कई और डाक्टर एवं कर्मचारी जांच एजेंसियों के रडार पर हैं। जांच एजेंसियां यह जानने का प्रयास कर रही हैं कि अल फलाह यूनिवर्सिटी व्हाइट कालर टेरर माड्यूल वालों का ठिकाना कैसे बन गई? प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को इस शिक्षा संस्थान में 415 करोड़ रुपयों की वित्तीय अनियमितता भी मिली है।

ईडी का आरोप है कि अल फलाह यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रीय मूल्याकंन प्रत्यायन परिषद (नैक) एवं यूजीसी की धारा 12(बी) के तहत मान्यता एवं सरकारी अनुदान मिलने की बात को गलत तरीके से प्रस्तुत किया। जांच बताती है कि अल फलाह स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी की नैक मान्यता 2013 से 2018 तक ही थी तथा शिक्षा विभाग की मान्यता 2011 से 2015 तक ही च्एज् ग्रेड रही।

यूनिवर्सिटी प्रशासन ने नवीनीकरण कराए बिना ही अपने प्रपत्रों में च्एज् ग्रेड होने का दावा करते हुए छात्रों से करोड़ों की फीस वसूली। यह भी सामने आया है कि इस यूनिवर्सिटी ने वित्तीय वर्ष 2018 से 2025 तक 415.10 करोड़ रुपयों का शैक्षिक राजस्व अर्जित किया। 2018 के बाद इस यूनिवर्सिटी के राजस्व में तेजी से वृद्धि दर्ज की गई। 2018-19 में जहां इसका वार्षिक राजस्व केवल 24.1 करोड़ था, वहीं 2024-25 में बढ़कर 81.10 करोड़ तक पहुंच गया। इसके अलावा इस यूनिवर्सिटी की हास्टल और मेस फीस को लेकर भी अनियमितताएं सामने आई हैं।

अल फलाह यूनिवर्सिटी की स्थापना 2014 में हरियाणा विधानसभा के अधिनियम 21 के तहत की गई थी। इसे यूजीसी द्वारा एक्ट 1956 की धारा 2 (एफ) के तहत मान्यता मिली। यह यूनिवर्सिटी एसोसिएशन आफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआइयू) की भी सदस्य बनी। इसमें यूजी और पीजी के साथ-साथ पीएचडी स्तर के पाठ्यक्रम भी संचालित किए जाने लगे। यह चिंता की बात है कि जिस उच्च शिक्षण संस्थान पर देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए श्रेष्ठ मानव संसाधन तैयार करने का उत्तरदायित्व था, वह सफेदपोश आतंकी माड्यूल की शरणस्थली बन गया। अल फलाह मामले ने इस जैसे अन्य शिक्षा संस्थानों की गहन जांच की आवश्यकता रेखांकित कर दी है। यह स्वाभाविक ही है कि उच्च शिक्षा संस्थाओं को मान्यता देने और उनकी निगरानी करने वाली नियामक संस्थाओं पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस सच को कहने में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए कि किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में आतंकी माड्यूल का पनपना यूजीसी, एआइसीटीई और एनसीटीई जैसी नियामक संस्थाओं की उदासीनता को बयान करता है। अल फलाह का मामला यह भी बताता है कि नियामक संस्थाओं के पास कोई ठोस एवं प्रभावी निगरानी तंत्र नहीं है। यदि निगरानी तंत्र सही तरह काम कर रहा होता तो शायद अल फलाह यूनिवर्सिटी आतंकियों का अड्डा नहीं बनती और न ही वहां इतनी अधिक अनियमितताएं मिलतीं।

एक आंकड़े के अनुसार देश में 1191 विश्वविद्यालय हैं। इनमें निजी विश्वविद्यालय 502, राज्य विश्वविद्यालय 494, केंद्रीय विश्वविद्यालय 57 तथा डीम्ड विश्वविद्यालयों 138 हैं। निजी विश्वविद्यालयों की संख्या तेजी से बढ़ती ही जा रही है। साफ है कि उनकी निगरानी का काम और अधिक गहन तरीके से होना चाहिए। इसलिए और भी, क्योंकि इंटरपोल और रैंड कारपोरेशन की नवीनतम टेरर विहेवियर इंटेलिजेंस रिपोर्ट से यह सामने आया है कि आतंकवाद एक नए मोड़ पर पहुंच चुका है। अब मोबाइल फोन, लैपटाप इत्यादि के जरिये भी कट्टरपंथ का प्रसार हो रहा है। अल फलाह यूनिवर्सिटी में जिस तरह डाक्टर आतंक की राह पर चलते पाए गए, उससे साफ है कि उच्च शिक्षा प्राप्त और तकनीक में दक्ष युवा आतंकी बन सकते हैं। अल फलाह यूनिवर्सिटी में सफेदपोश माड्यूल के पकड़ में आने के बाद खुफिया एजेंसियों को अन्य शिक्षा संस्थानों की गतिविधियों को लेकर भी सतर्क रहना होगा।

हाल में सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली दंगों से जुड़ी सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस का प्रतिनिधित्व कर रहे एडिशनल सालिसिटर जनरल एसवी राजू ने लाल किले के निकट विस्फोट से जुड़ी घटना की चर्चा करते हुए दलील दी कि जब बुद्धिजीवी आतंकी बन जाते हैं तो वे कहीं ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं। उच्च शिक्षित छात्रों को कट्टरपंथी बनाने से जुड़े इकोसिस्टम के उजागर होने से देश के समक्ष एक नया खतरा उत्पन्न होने के संकेत मिल रहे हैं। यह पहला मौका है जब यूजीसी से मान्यता प्राप्त एक शिक्षा संस्थान सफेदपोश आतंकी माड्यूल को संचालित करता पाया गया। एजेंसियों को संदेह है कि यह माड्यूल कश्मीर के अस्पतालों को जहरीले हथियार छिपाने के ठिकाने के रूप में प्रयोग करने का इरादा रखता था। हम इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि यूजीसी, एआइसीटीई और एनसीटीई जैसी नियामक संस्थाओं के होते हुए भी अक्सर फर्जी विश्वविद्यालयों द्वारा डिग्री देने के मामले सामने आते रहते हैं। यूजीसी हर साल ऐसे फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी करता है। उनमें से कुछ बंद भी किए जाते हैं। फिर भी देश में आज 22 फर्जी विश्वविद्यालय संचालित हैं।

# छत्तीसगढ़ी लोक रंग कर्म और साहित्य

संसार में कला और साहित्य का अविनाभाव संबंध रहा? है। दुनिया में जितनी भी प्रदर्शनकारी कलाएं हैं जो लोक हो या शिष्ट, उसमें साहित्य का होना निश्चित है। मेरे मत में लोक कथा यदि लोक साहित्य है तो लोक गीत लोक वार्ता, लोक नृत्य,लोक गाथा लोक नाट्य , कहावतें एवं मुहावरे उसके लिंखित एवं मौखिक विद्या है।

यह अलिखित साहित्य कंठों से कंठो का सफर है,इसका कोई उत्तराधिकारी नहीं है। यदि यही छत्तीसगढ़ी साहित्य के रुप में जाना जाए तो कहानी, कंथली,प्रहसन ,गीत नाटक,काव्य, महाकाव्य आदि विख्यात होगा। इनका छत्तीसगढ़ी रंग कर्म से गहरा नाता है।

छत्तीसगढ़ी लोक रंग कर्म में देखा जाए तो वह चाहे नाचरंग नाचा हो या लोक सांस्कृतिक मंचीय कार्यक्रम या रहस हो या पंडवानी जैसे लोक विद्या। इन सबमें कहीं न कहीं से साहित्य का जुड़ाव रहता है। पंडवानी तो पंचम वेद महाभारत का ही एक लोक रुप है।

कई हजारों साल तक वेद जिसे अपौरुषेय कहा जाता है ऋषि-मुनियों के हृदय से उतर कर मौखिक बना रहा। बाद में विद्वान लोग और श्री कृष्ण द्वैपायन वेद व्यास जैसे साहित्य धुरंधरों ने संकलन कर लिपी बद्ध कर सनातन वांग्मय के रूप में दुनिया के समक्ष प्रतिष्ठिपित किया जिसे हम वेद कहते हैं, वैदिक साहित्य कहा जाता है।

छत्तीसगढ़ लोक रंग शैली नाचा में भी इसी तरह की बात देखने को मिलती हैं।

### नाच रंग कर्म में गम्मत

नाचा में साहित्य गम्मत के रुप में मिलता है। छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध दाऊ मंदराजी की नाचा पार्टी रवेली साज हो या रिंगनी-रवेली नाचा पार्टी में खेले जाने वाले गम्मत , मेहतरानी, महाप्रसाद, इरानी, बुढ़ुवा- बिहाव, भरम के भूत,आदि गम्मत कई सालों तक मौखिक बना रहा। इसमें से कई गम्मत, मदन निषाद और अन्य कलाकारों द्वारा,, नाचा में तुम ऐसा कहना मैं ऐसा कहुंगा, कह कर खेला जाता था । जब डा0 स्वर्ण कुमार साहू जैसे चेतना शील लोग नाचा में आए तो यह गम्मत लिपि बद्ध हो गया। जिसे सुप्रसिद्ध रंग कर्मी हबीब तनवीर द्वारा इन्हीं नाचा कलाकारों को लेकर अपने न्यू थियेटर्स -दिल्ली द्वारा मंचित किए जाने वाले नाटकों में खेला गया और सुप्रसिद्धी पाई। इसमें मंदराजी दाऊ जी के समय खेले जाने वाले गम्मत बुढ़वा-बिहाव, का वर्सन मोर नांव दमांद गांव के नाम ससुरार, मेहतरानी गम्मत का पोंगवा - पंडित, बहादुर कलारिन नाटक,आदि खासे चर्चित हुए। यह रंगकर्म का एक साहित्य बन गया है।





### लोक सांस्कृतिक मंचों मे प्ले

इसी तरह लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देखा जाए तो इसमें भी एक



प्ले होता है,जिसे नाटक या गम्मत नही कहा जा सकता लेकिन उसी तरह का यह भी संदेश परक होता है। जिसे प्ले का नाम दे दिया गया है। छत्तीसगढ़ की सर्वप्रथम सुप्रसिद्ध लोक सांस्कृतिक जागरणी संस्था चंदैनी-गोंदा में पूजा का फूल नामक प्ले होता था जिसे वरिष्ठ साहित्यकार कवि नारायण लाल परमार ने लिखा था। चंदैनी-गोंदा में ÷एक रात के तिरिया राज÷, ÷बुढ़ुवा- बिहाव÷ ÷देवार डेरा÷ आदि का भी मंचन होता था। चंदैनी-गोंदा के संस्थापक व लोक चिंतक रामचंद्र देशमुख जी राजनांदगांव के साहित्य मूर्धन्य श्रद्धेय पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी की कृति 'छत्तीसगढ़ की आत्मा' पर 'कारी' नामक नाटक का मंचन किया था। जिसे खासी प्रसिद्धि मिली थी। इसी तरह सोनहा- बिहान लोक सांस्कृतिक मंच जो कि डॉ नरेंद्र देव वर्मा जी की कृति है, की मंचीय प्रस्तुति भी सोनहा- बिहान प्ले पर आधारित था। इस क्रम में लोकरंग मंच द्वारा रंग निदेशक राम हृदय तिवारी व प्रेम साइमन आदि द्वारा मंचित किए गए नाटक 'लोरिक-चंदा', 'घर कहां हे', 'मैं बइला नोहो' आदि प्रमुख हैं जो कि छत्तीसगढ़ रंगकर्म का एक साहित्य है।

कला साहित्य आत्माराम कोशा अमात्य जो नाचा के पुरोधा दाऊ मंदराजी से लेकर चंदैनी-गोंदा के कलाकार रहे हैं उन्होंने बताया कि इस वर्ष राज्य शासन द्वारा चंदैनी-गोंदा के सुप्रसिद्ध गायक व कवि लक्ष्मण मस्तुरिहा सम्मान से सम्मानित हुए रंगकर्मी राकेश तिवारी जी का नाटक 'फोकलवा राजा' भी रंगकर्म का महत्वपूर्ण उदाहरण है।

महाकवि कालिदास की कृति मेघदूतम्, रघुवंशम् मृच्छकटिकम, भवभूति की उत्तर राम चरित्र, धर्मवीर भारती का अंधा युग, मोहन राकेश का 'आषाढ़ का एक दिन' रंगकर्म के हमारे अमिट धरोहर है। छत्तीसगढ़ी लोक रंगकर्म, लोक सांस्कृतिक मंचों के माध्यम से उसी दिशा में जा रहा है।

### दाऊ रामचंद देशमुख की लोक रंगीय प्रस्तुति

रंग कर्म के क्षेत्र में दाऊ रामचंद्र देशमुख के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। दाऊ जी का पूरा जीवन लोक कला के लिए समर्पित रहा। उन्होंने लोक रंगीय आयोजन में व्याप्त विद्रूपताओं को परिशोधित व परिमार्जित कर निर्मल जल और शुद्ध प्राण वायु की तरह लोक कला लोक मंच को अपनी मेहनत से सींचा है। आकाश के समान इसे नई उंचाई और शोषण चक्र में फंसे छत्तीसगढिया लोगों दास्तां को प्रतीक एवं बिम्ब वाली रंग-बिरंगी चित्र खींचे है। उन्होंने नाचा के सुप्रसिद्ध गम्मतो को भी अपने मंच में जगह दी। उसके द्विअर्थी शब्दो के प्रयोग, भौंडे मजाक और अश्लीलता को सुधार कर शिष्ट समाज को समर्पित किया। दाऊ जी ने ग्राम पिनकापार में देहाती कला मंडल की स्थापना कर 'सरग अउ नरक', ''जनम अउ मरन, ''काली माटी'' जैसे नाचा शैली में संदेश परक अविस्मरणीय प्रस्तुति दी।

लोक या लोकमानस की अवधारणा वाली अंग्रेज़ी (फोक) का अर्थ विदेशी विद्वानों ने अशिक्षित मूर्ख गंवार अति पिछड़ा असभ्य से की है। हमारे देश का लोक अलग है। यहाँ का लोक न तो असभ्य है न ही मूर्ख है। कृषि प्रधान देश के ये अन्नदाता कहलाने वाले लोग असभ्य व मूर्ख कैसे हो सकते हैं? हमारे भारतीय समाज में भौतिकता से अधिक अध्यात्मिकता समाज का बोलबाला है। ये सीधे-साधे लोग भले ही अशिक्षित है पर उनका जीवन सरल है वे बुद्धिमान भी हैं। छत्तीसगढ़ के लोक शब्द बेहद विस्तृत है।

छत्तीसगढ़ की लोक रंगीय प्रस्तुति में यह बेहद ही बौद्धिक रुप में प्रस्तुत होता है। लोक की अभिव्यंजना की गवाही हमारे देश के संसद की लोकसभा महनीय रुप से दें रहा है इस दृष्टि से डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी जी का यह अभिमत कि लोक शब्द का अर्थ जनपद या गांव नही, बल्कि नगरों व गांव में फैली हुई समूची जनता है, जिनके व्यवहारिक ज्ञान का आधार पोथियां नहीं है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि लोक राष्ट्र का अमर स्वरुप है जिसमें भूत भविष्य और वर्तमान सभी कुछ संचित रहते हैं।



**मानसिंह 'मौलिक'**
**महामाया चौक, बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)**

## विचार सरिता

# मेरी कहानी : अच्छे आदमी को एक बात व अच्छे घोड़े को एक चाबुक

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



मैं अच्छा एक विशेषण शब्द हूँ। मेरा अर्थ है- पसंदीदा, मनचाहा, उचित, सुंदर आदि। यह एक अत्यंत प्रचलित शब्द है जो चीज हमें अनुकूल और सुखद लगती है, उसे हम अच्छा कहते हैं। अच्छा लगने का पैमाना सार्वभौमिक भी हो सकता है और वैयक्तिक भी। प्रेम, दया, सद्गुण, सहयोग, करुणा जैसे सद्गुण समाज के लिए अच्छे हैं। वैयक्तिक स्तर पर जो हमें अच्छा लगे, वह दूसरों की पसंद से मेल खाए, यह आवश्यक नहीं है। किसी को कोई वस्त्र पसंद है, तो किसी और को दूसरे बनावट व रंग का। सज्जनों को वह चीज अच्छी लगती है, जो समाज के लिए उपयोगी है। दुर्जनों को ताड़ना, दूसरों के कष्ट और दूसरों को दुख देने में अच्छाई नजर आती है। सचमुच, पसंद अपनी-अपनी। खयाल अपना-अपना) अच्छापन पुल्लिंग शब्द है तो अच्छाई स्त्रीलिंग।

अच्छा पर अनेक लोकोक्तियाँ हैं। जैसे, अच्छा करो, अच्छा पाओ। जब कोई वस्तु अधिक सस्ती हो जाए, तो कहते हैं- अच्छा भया गुड़ सत्रह सेर। जिस व्यक्ति से हमारा कोई संबंध न हो तो उसके अच्छे या बुरे होने से क्या फर्क पड़ता है? इस पर लोकोक्ति है-अच्छा हो या बुरा, हमारी कौन सगाई करेगा। भोजन मिल जाए तो सब जगह रहने के लिए अच्छा है, इस पर लोकोक्ति है-अच्छी मेरी टाटी, जहाँ मिले घी और बाटी। अच्छे व्यक्ति को कोई काम करवाने के लिए एक बार ही कहना पड़ता है, बार-बार नहीं। इस पर लोकोक्ति है- अच्छे आदमी को एक बात और अच्छे घोड़े को एक चाबुक।

हम कहते हैं, मैं अच्छे के लिए अच्छा हूँ और बुरे के लिए बुरा। इस पर लोकोक्ति है-अच्छे का भाई, बुरे का जमाई। अर्थात अच्छे के लिए उसकी सहायता करने वाला और बुरे के लिए दामाद के समान खर्च और सेवा कराने वाला। लेकिन यह केवल कहावत है, हर जमाई ऐसे नहीं होते और न उनका व्यवहार।

(शेष अगले सप्ताह)

### सू- दोकू क्र.246

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.245 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## उधार का जीवन



बगदाद का एक खलीफा राजकार्य और प्रजा की सेवा के बदले हर रोज शाम को खजांची से सिर्फ तीन दिरहम लिया करता था। उसके कर्मचारी को भी उससे अधिक मिलते थे, पर खलीफा का कहना था कि उसे घर चलाने के लिए इससे अधिक पैसों की जरूरत नहीं थी। उसका परिवार कितनी ही विपदाओं में क्यों नहीं घिर गया उसने कभी अपने कार्य के लिए इससे अधिक पैसा नहीं लिया।

एक दिन उनकी बेगम ने उनसे कहा, 'यदि तुम मुझे तीन दिन की तनख्वाह पेशगी ले आऊंगा पर इसके दो तो मैं ईद पर बच्चों के लिए नए कपड़े बनवा लूं।' खलीफा बोले, 'मैं तीन दिन की तनख्वाह पेशगी ले लिए तुम्हें खुदा से मेरी जिंदगी के तीन दिनों का पट्टा लाना होगा। यदि मैं तीन दिन जीवित नहीं रहा तो कर्जा कौन चुकाएगा?' उनकी बात पर बेगम कहती तो क्या कहती ?

## सामयिक चर्चा

### अब और खबर मत पढ़ो !

बानी बोले-''सुनिए गजाधर!
आज खुशी की खबर -
हम छत्तीसगढ़ प्रदेशवासियों को
बिजली बिल में राहत देने के लिए
राज्य सरकार ने एक दिसम्बर से
नयी हाफ बिजली बिल योजना को
प्रभावित कर दिया हैं।
नयी व्यवस्था के तहत सरकार ने
इस तरह घोषित किया है
कि 200 यूनिट तक खपत करने वाले
घरेलू उपभोक्ताओं का बिल
आधा किया जाएगा ।
वहीं 200 से 400 यूनिट तक
बिजली खर्च करने वाले
लगभग 6 लाख उपभोक्ता भी
अगले एक वर्ष तक 200 यूनिट तक
हाफ बिल का लाभ पाएगा
अब पढ़ता हूँ दूसरी खबर
तभी एकदम बोल उठे गजाधर
''अब कोई और खबर मत पढ़ो बानी !
इसके बाद कहीं खबर चोरी डाका,
लूटखसोट या खून खराबे की आएगी
तो हमारी बिजली वाली ये खुशी ,
अपने आप चिन्ता फिकर
में, बदल जाएगी।
तो बानी हमें यह कहते दो।
बिजली की खुशी को,
आज हमारे साथ रहने दो।''
मंगलवार 2 दिसम्बर 2025



**गिरीश बख्शी**

## कविता

### छत्तीसगढ़ी में गोठिया के देख

छत्तीसगढ़ी भासा हमर, जईसे बंमरी लाशा ये।
छत्तीसगढ़ के हांसी ठिठोली, खोवा, मिठई, बताशा ये।
सबला भाथे सबला सुहाथे, ये महतारी के भासा ये।
सब भासा ले सुघ्घर हे, अऊ हावे बड़ नेक,
एक घांव संगवारी हमर छत्तीसगढ़ी में गोठिया के तो देख।।
मदर फादर छोड़ के, हम दाई ददा कहिबो।
छत्तीसगढ़िया आवन जी,
हम छत्तीसगढ़िया कस रहिबो।
गजब सहेन अपमान बेइज्जती अऊ कतक ल सहिबो।
छत्तीसगढ़ी गोठियाये बर सब झन ल कहिबो।
छत्तीसगढ़ी के मान बढ़ाओ
अऊ जगावो अपन बिबेक,
एक घांव छत्तीसगढ़ी में गोठिया के तो देख।।
अंकल-आन्टी ल छोड़के, कहिबोन कका-काकी।
दुसर के नकल नई करन, अऊ नई करन ताका-ताकी।
नोनी-बाबू, बेटी-बेटा, कहिके हम बुलाबोन।
छत्तीसगढ़ी गोठियाये बर, हमन काबर लजाबोन।
हमेरी झड़ईयाल मन ल संगी
उही करा लव छेक,
एक घांव छत्तीसगढ़ी में गोठिया के तो देख।।
सुने बढ़िया, बोले मा बढ़िया,
छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया।
मनके उज्जर तन हे करिया,
छत्तीसगढ़ के बेटा नगरिहा।
ठेलहा कभु राहन नही गा
बूता कमाथन संझा बिहंनिया।
छत्तीसगढ़ी कस भासा नईये,
भले हावे कतको अनेक एक घांव
छत्तीसगढ़ी में गोठिया के तो देख।



**आनंद सार्वा 'अनंत'**
**कु.बो. भाठागांव (राज.)**

## राशिफल



**मेष**

आज का दिन मेष राशि के जातकों के लिए शुभ लाभदायक रहेगा। चंद्रमा का गोचर आज आपकी राशि से होने से आपको लाभ का मौका मिलेगा। आप थोड़े भावुक भी रहेंगे जिसका लोग फायदा उठाने का प्रयास कर सकते हैं इसलिए आपको अपनी भावनाओं और भावुकता पर कंट्रोल करना होगा।



**वृष राशि**

वृषभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज विरोधियों और शत्रुओं से सतर्क रहने की जरूरत है। सेहत के मामले में भी आज आप अपना ध्यान रखें। मौसम का प्रभाव आज आपकी सेहत पर दिख सकता है। फैमिली लाइफ में आज किसी भी बात पर अनावश्यक टोका टोकी करने से आपको बचना होगा।



**मिथुन**

आज का दिन मिथुन राशि के जातकों के लिए अनुकूल और सुखद कहा जा सकता है। आपको आज शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। करियर में भी उम्मीद की नई रोशनी नजर आएगी। आपको बुद्धि और कार्यकुशलता का फायदा दिखेगा। कोई मनोकामना भी पूरी होगी। संतान और जीवनसाथी की ओर से आपको प्रसन्नता मिलेगी।



**कर्क**

कर्क राशि के जातकों के लिए आद का दिन सुखद रहने वाला है। आपको आज अपनी मेहनत और भाग्य दोनों का साथ प्राप्त होगा। आपकी कोई महत्वाकांक्षा पूरी होगी। आप ऊर्जा और जोश से भरपूर रहेंगे। अपने कई पेंडिंग काम को आप आज निपटा सकते हैं। आपके लिए भाग्य आज लाभ के एक से अधिक स्रोत बना रहा है।



**सिंह**

सिंह राशि के लोगों के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। आज भाग्य भाव से चंद्रमा का गोचर हो रहा है। ऐसे में आपको आज भाग्य परिश्रम से अधिक लाभ दिलाएगा। आपको आज पैतृक धन संपत्ति का भी लाभ प्राप्त हो सकता है। सरकारी क्षेत्र से सेबंधित काम आपके आज बन सकते हैं। नौकरी में आपका दिन अनुकूल बीतेगा।



**कन्या**

कन्या राशि के जातको के लिए आज का दिन मिश्रित रहने वाला है। आपोक आज अतिउत्साह में आकर कोई भी फैसला लने से बचना होगा। छात्रों का मन आज विचलित रहेगा, शिक्षा में अरुचि हो सकती है जिससे आपको बचना होगा। आर्थिक मामलो में आज का दिन खर्चीला रहेगा, आपको अपने कई लेनदेन निपटाने होंगे।



**तुला**

तुला राशि के जातकों के लिए आज मंगलवार का दिन घर परिवार के मामले में अनुकूल रहेगा। वैवाहिक जीवन में आपको सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। किसी साझैदारी और जान पहचान के माध्यम से आपको फायदा हो सकता है। आपको आज मित्रों और सगे संबंधियो की मदद से भी लाभ मिलने का योग बना हुआ है।



**वृश्चिक**

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभदायक और अनुकूल रहेगा। आपकी राशि में स्थिति मंगल के शुभ प्रभाव से आपका प्रभाव और सम्मान बढेगा। आप कार्यक्षेत्र में सफलता पाएंगे। आपको कुछ नए अवसर भी प्राप्त होंगे जो भविष्य में आपको लाभ दिला सकते हैं। बिजनेस करने वाले जातकों के लिए भी कल का दिन लाभदायक रहेगा।



**धनु**

धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन शिक्षा और शिक्षण कार्य से संबंधित मामलों में लाभदायक और अनुकूल रहेगा। आपको आज मित्रों और सगे सबंधियों से सहयोग मिलेगा। आपकी आर्थिक स्थिति आज बेहतर होगी। आप आज विदेशी स्रोत और मध्यम से भी लाभ प्राप्त कर पाएंगे। कोई जमीन जायदाद से जुड़ा मामला है तो वह आपके पक्ष में हो सकता है। किसी सगे संबंधी से सहयोग मिलेगा।



**मकर**

मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन सुखद रहेगा। आपका आज परिवार से सुख सहयोग मिलेगा। वैवाहिक जीवन के मामले में भी आज का दिन अच्छा रहेगा। आपके लिए आज माता और मातृपक्ष से भी लाभ का संयोग बन रहा है। सेहत के मामले में सितारे बातते हैं कि आपको आज जोखिम लेने से बचना होगा।



**कुंभ**

कुंभ राशि के जातकों के लिए आज मंगलवार का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज अपने काम में सतर्क रहना होगा। कोई गलत फैसला नुकसान पहुंचा सकता है। आर्थिक मामलों में आज का दिन कुंभ राशि के जातकों के लिए खर्चीला रहेगा। आपको आज किसी की बातों में आकर कोई भी फैसला लेने से बचना चाहिए।



**मीन**

मीन राशि के जातकों के लिए आज मंगलवार का दिन सामान्य रूप से अनुकूल कहा जा सकता है। लेकिन आज कमाई के साथ आपका खर्च भी बना रहेगा आपको आज नौकरी में अपने काम से काम रखना चाहिए, दूसरों के मामलो में हस्तक्षेप करने से आपको आज बचना चाहिए। जोखिम लेने से बचना चाहिए।

# सोनिया-राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर का विरोध



नरेंद्र मोदी के पुतले को दहन करते ही कांग्रेसी और पुलिस के बीच झुमाझटकी

खैरागढ़ (दावा)। केन्द्र सरकार द्वारा कांग्रेस नेतृत्व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ की जा रही कथित एजेंसी आधारित कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को खैरागढ़ के टेम्पो चौक पुराना बस स्टैंड में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन देखने को मिला। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला, ब्लॉक और शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त नेतृत्व में टैंपो चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं ईडी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच पुतला दहन के दौरान झूमाझटकी भी हुई। जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई थी। कांग्रेस संगठन ने आरोप लगाया कि, मोदी सरकार विपक्ष को दबाने के लिए ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी संस्थाओं का राजनीतिक दुरुपयोग कर रही है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, पूर्व विधायकों, मोर्चा-प्रकोष्ठ पदाधिकारियों और सोशल मीडिया टीम ने हिस्सा लिया। झूमाझटकी तब हुई जब पुलिस ने भीड़ को रोकने और आगजनी स्थल को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ताओं ने आगे बढ़कर पुतला दहन किया। थोड़ी देर की धक्का-मुक्की के बाद स्थिति नियंत्रण में आ गई।

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा केंद्र सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष को डराने की कोशिश कर रही है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई पूरी तरह राजनीतिक बदले का परिणाम है। हम पीछे हटने वाले नहीं, लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ाई जारी रहेगी। जिला अध्यक्ष कोमल साहू ने कहा यह लड़ाई सिर्फ कांग्रेस की नहीं बल्कि लोकतंत्र की लड़ाई है। केंद्र सरकार अगर दमनकारी नीतियां बंद नहीं करती तो आंदोलन और तेज़ होगा। पुलिस की रोक-टोक के बाद भी कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराया, लेकिन प्रशासन ने अनावश्यक हस्तक्षेप किया। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार राजनीतिक प्रताड़ना नहीं रोकती, तो जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिला अध्यक्ष कोमल दास साहू, पूर्व विधायक गिरिवर जंघेल, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश दीप सिंह गोल्डी, शहर अध्यक्ष भीखम छाजेड़, छुईखदान ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार पटेल, जिला पंचायत सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह, विजय वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान,जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे, वरिष्ठ कांग्रेसी राजेश लुनिया, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास, सज्जाक खान, पार्षद पुरुषोत्तम वर्मा, शत्रुहन घृतलहरे, दिलीप लहरें, जितेन्द्र सिंह गौर, लीलाधर वर्मा, दीपक वैष्णव, सुरेन्द्र सिंह सोलंकी, यतेंद्र जीत सिंह छोटू, नदीम मेमन, रविन्द्र सिंह गहरवार, नित्य शरण सिंह, पलाश सिंह, अमित सिंह, राजा सोलंकी, संदीप सिरमौर, महेश यादव, रिंकू गुप्ता, उत्तम जंघेल, रिंकू महोबिया, प्रकाश महोबिया, चन्द्रेश वर्मा, सोनू ढीमर, शुभम वर्मा, विनोद यादव, प्रमोद साहू, दिलीप महोबिया, मोहम्मद खान, सरजू वर्मा, रमेश, अशोक साहू, देवदास बंजारे, राधे पटेल, दयालु राम, किशन रजक, मनोज बैद, संत निषाद, मनोहर सेन, कमता टंडन, केशव सारथी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# डोंगरगांव के विकास मुद्दों पर पहल



पार्षद दल के साथ अध्यक्ष ने कलेक्टर से की मुलाकात

डोंगरगांव (दावा)। नगर विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा के लिए नगर पंचायत डोंगरगांव की अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी सोमवार को पार्षद दल के साथ जिलाधीश से सौजन्य भेंट की। यह मुलाकात डोंगरगांव के दीर्घकालिक विकास योजनाओं को गति देने और नागरिक हितों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने के उद्देश्य में काफी सहायक सिद्ध होगा। इस दौरान सबसे प्रमुख मुद्दा दर्री एनीकट के इंटकवेल को शीघ्र प्रारंभ करने का रहा। अध्यक्ष ने बताया कि, इंटकवेल के शुरू होने से न केवल पेयजल व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि नगरवासियों को निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने में भी बड़ी मदद मिलेगी। इस परियोजना के सक्रिय होने से डोंगरगांव की बढ़ती आबादी को लंबे समय तक राहत मिलेगी। इसके साथ ही नगर में अब तक आवासीय पट्टे से वंचित हितग्राहियों को भी आवश्यक सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया। पार्षद दल के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि, जिन पात्र परिवारों को अब तक लाभ नहीं मिल पाया है। उन्हें शासन की नीतियों के तहत शीघ्र लाभान्वित किया जाना आवश्यक है, जिलाधीश ने दोनों ही विषयों पर सकारात्मक और त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए नगर पंचायत की टीम को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया। इस अवसर पर पार्षदगण पुरषोत्तम साहू, कोमल साहू, लीलाराम मंडलोई, मनबोधी पटेल, पदमिनी ठाकुर, प्रफुल्ल राजा जैन, लक्ष्मीनारायण सेन एवं आकाश त्रिपाठी उपस्थित रहे। जनहित एवं विकासोन्मुखी मुद्दों पर हुई इस सार्थक चर्चा से नगर पंचायत को नई ऊर्जा मिली है और डोंगरगांव के विकास को एक नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## पहला कॉलम...

### रानी अवन्तीबाई लोधी महाविद्यालय घुमका में एड्स जागरूकता रैली का आयोजन



घुमका (दावा)। रानी अवन्तीबाई लोधी महाविद्यालय घुमका में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में एड्स जागरूकता रैली निकाली गयी। इस रैली में रासेयो कार्यकर्ता और महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी और रासेयो अधिकारी भारतेन्दु वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि, छात्र-छात्राओं की रैली एड्स से बचाव सम्बन्धी बैनर पोस्टर लेकर एड्स जागरूकता का सन्देश देते महाविद्यालय से तहसील रोड, पटेवा चौक, चण्डी चौक, पुलिस थाना, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र होते हुए नगर भ्रमण कर महाविद्यालय पहुँची। इस दरम्यान रैली में शामिल रासेयो कार्यकर्ता एड्स जागरूकता विषयक नारा भी बोल रहे थे। इस रैली में लगभग 120 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। यह आयोजन रासेयो अधिकारी भारतेन्दु वर्मा, सुबोध देवाँगन, विनोद वर्मा एवं जयप्रकाश वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

### मुगलानी एवं बागरेकसा में निर्माण कार्य हेतु 4 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मुगलानी में पानी टेंकर 5000 लीटर कार्य हेतु 2 लाख 50 हजार रूपए एवं ग्राम बागरेकसा में बाजार चौक रंगमंच में टीन शेड निर्माण कार्य हेतु 1 लाख 50 हजार रूपए कुल 4 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

### आज जिले में बाल विवाह मुक्त जन जागरूकता कार्यशाला आयोजित

खैरागढ़ (दावा)। जिले को शत-प्रतिशत बाल विवाह मुक्त बनाने के उद्देश्य से आज 3 दिसंबर 2025 को दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की जाएगी। महिला एवं बाल विकास संचालनालय तथा राज्य बाल संरक्षण समिति से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। कार्यशाला में बाल विवाह रोकथाम से जुड़े कानून, योजनाएं और जागरूकता रणनीतियों पर चर्चा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों एवं हितधारकों से अनिवार्य उपस्थिति की अपील की है।

### ग्राम पदुमतरा में श्रीमद् भागवत कथा हेतु भूमिपूजन 7 दिसम्बर को



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पदुमतरा की पुण्यधरा पर पहली बार भव्य स्तर पर आयोजित होने जा रही श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह दिनांक 2 से 8 जनवरी 2026 की तैयारियाँ शुभारंभ हो गई हैं। इसी क्रम में कथा स्थल पर भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन 7 दिसम्बर को विधिवत सम्पन्न किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम का विवरण में 07 दिसम्बर 2025 दिन रविवार, समयः दोपहर 12 बजे, स्थान श्री राम मंदिर परिसर के पास ग्राम पदुमतरा, आयोजक श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति महिला मंडल भागवत समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में किया जाएगा। राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक आचार्य पं. रामानुज युवराज पाण्डेय के श्रीमुख से कथा होने वाली है, जिसे लेकर ग्रामीणों में अत्यधिक उत्साह देखा जा रहा है। भूमिपूजन के साथ ही कथा आयोजन की सभी व्यवस्थाएँ विधिवत प्रारंभ हो जाएँगी। श्री राम मंदिर समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि क्षेत्र के कई सम्माननीय जन इस शुभ अवसर में सम्मिलित होंगे। मुख्य रूप से आमंत्रित अतिथि में क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, जिला पंचायत सभापति शीला टाकेश सिन्हा, जनपद अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष अनिता सिन्हा, जनपद सदस्य ललिता साहू, ग्राम सरपंच हिना साहू, समस्त पंचगण, समाजसेवी एवं क्षेत्र के वरिष्ठजन इन सभी गणमान्य अतिथियों को आयोजन में ससम्मान आमंत्रित किया गया है। ग्राम पदुमतरा में पहली बार हो रहा यह विराट आध्यात्मिक कार्यक्रम पूरे क्षेत्र में उल्लास और श्रद्धा का वातावरण निर्मित कर रहा है। ग्रामीणजन कथा सप्ताह को लेकर विशेष रूप से उत्साहित एवं सक्रिय हैं।

# स्टेट लेवल क्वान-की-डो चैंपियनशिप में डोंगरगांव के खिलाड़ियों का दबदबा

शहर के तीन खिलाडियों ने जीते चार स्वर्ण पदक



डोंगरगांव (दावा)। शहर के खिलाड़ियों ने प्रदेश स्तर पर अपना प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार अंबिकापुर में आयोजित स्टेट लेवल क्वान-की-डो चैंपियनशिप में श्री स्किल एकेडमी डोंगरगांव के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई स्वर्ण पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से नगर सहित पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

विजेता सभी खिलाड़ियों के नगर आगमन पर पुराने बस स्टैंड में धूमधाम से स्वागत गया। इस अवसर पर पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी ने सभी विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया तथा उनके पदक जीत की बधाई दी। इस दौरान शहर के वरिष्ठ नेता पवन जैन, डोंगरगांव प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी ने भी सभी विजेता खिलाड़ियों को इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस प्रतियोगिता में आदित्य मोटघरे पिता जितेंद्र मोटघरे ने 40 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी क्रम में रुद्रप्रताप साहू पिता केशव साहू ने 30 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं जय निषाद पिता हरी निषाद ने 61 किलोग्राम वर्ग में दो स्वर्ण पदक प्राप्त कर अकादमी को गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों के कोच दुरलेश्वर देवांगन एवं अकादमी के डायरेक्टर तोषण कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों ने निरंतर अभ्यास और कड़ी मेहनत कर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बताया कि सभी खिलाड़ी अब आगामी नेशनल चैंपियनशिप की तैयारी में जुटे हुए हैं।


# श्री सीमेंट प्रोजेक्ट की जनसुनवाई टालने की मांग तेज, विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने सौंपा ज्ञापन



खैरागढ़ (दावा)। सण्डी लाईम स्टोन खनन क्षेत्र में प्रस्तावित श्री सीमेंट कंपनी की जन सुनवाई को लेकर ग्रामीणों में बढ़ता आक्रोश अब प्रशासन तक पहुँच गया है। इसी मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए खैरागढ़ विधानसभा की सक्रिय विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार 02 दिसंबर को कलेक्ट्रेट पहुँचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 11 दिसंबर को निर्धारित जनसुनवाई की तिथि आगे बढ़ाने की स्पष्ट मांग की गई है, ताकि ग्रामीणों की वास्तविक भावनाओं और समस्याओं को सुना जा सके। साथ ही खनन परियोजना से संबंधित गाइडलाइन, जो अंग्रेज़ी में जारी की गई है, उसे ग्रामीणों की समझ हेतु हिंदी में उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई। 404 हेक्टेयर के विशाल क्षेत्र में प्रस्तावित इस खनन प्रोजेक्ट की उत्पादन क्षमता 3.34 मिलियन टन प्रतिवर्ष बताई गई है। यही कारण है कि ग्रामीण शुरुआत से ही पर्यावरण, भू-जल स्तर, कृषि भूमि एवं स्थानीय जीवन पर संभावित प्रभावों को लेकर चिंतित हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि, खेती-किसानी के चरम सीजन में जनसुनवाई आयोजित करना अनुचित है। अधिकांश किसान खेतों में व्यस्त रहते हैं, ऐसे में वे अपनी आपत्तियाँ और सुझाव समय पर प्रस्तुत नहीं कर पाएंगे। विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने कहा कि, ग्रामीण इस समय कृषि कार्यों में पूरी तरह व्यस्त हैं। ऐसे संवेदनशील समय में जनसुनवाई रखने से न सिर्फ किसान अपनी बात रखने से वंचित होंगे, बल्कि बढ़ते जनाक्रोश को देखते हुए, शांति-व्यवस्था बनाए रखना भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उन्होंने जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तिथि आगे बढ़ाने की मांग की। ग्रामीण प्रतिनिधियों ने बताया कि परियोजना को लेकर गांवों में लगातार बैठकें हो रही हैं और लोग खुलकर अपने विरोध व आशंकाएँ व्यक्त कर रहे हैं। उनका कहना है कि जनसुनवाई एक लोकतांत्रिक अधिकार है और इसे ऐसे समय में आयोजित किया जाना चाहिए जब सभी लोग उपस्थित होकर अपनी बात रख सकें। ज्ञापन सौंपते समय वरिष्ठ कांग्रेसी नीलाम्बर वर्मा, सण्डी सरपंच कैलास वर्मा, तिलक मानसिंह, रोशन, हरिराम, नारायण वर्मा, तीजराम, खेलाम यादव, भोजराम सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय फोटोग्राफी प्रतियोगिता में यथार्थ सिंह गहरवार ने की शिरकत



खैरागढ़ (दावा)। भारत में आईपीए (जो पूर्व में 'भारत की फिल्म परियोजना' के नाम से जाना जाता था) द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फोटोग्राफी प्रतियोगिता में 29-30 नवंबर को विश्व के 26 देशों से लगभग पांच हजार प्रतिस्पर्धी फोटोग्राफरों ने शिरकत की। इसी प्रतियोगिता के अंतर्गत ऑनलाइन आयोजित '50 हॉर्स फोटोग्राफी प्रतियोगिता' में, छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ जिले के निवासी युवा फोटोग्राफर यथार्थ राजेंद्र सिंह गहरवार, (अधिवक्ता) एवं नीता सिंह गहरवार पूर्व अधिष्ठाता, नृत्य संकाय, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़) को लगभग पांच हजार प्रतिभागियों में से शीर्ष 10 फोटोग्राफरों में नामांकित कर मुंबई में चयन किया गया। यथार्थ गहरवार ने वहाँ प्रतिस्पर्धी के तौर पर भाग लेते हुए 'थ्री फोटो सीरीज' श्रेणी में स्वर्ण पदक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित किया और इस प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित किया।

आईपीए एशिया तथा वैश्विक स्तर पर फोटोग्राफरों हेतु सबसे बड़े कंटेंट फेस्टिवल में से एक है, जो विगत 25 वर्षों से कंटेंट क्रिएटर्स को मंच प्रदान कर रहा है। यह संस्था विश्वभर के प्रमुख प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक है जो फिल्ममेकिंग, फोटोग्राफी तथा अन्य कलात्मक क्षेत्रों में विभिन्न चुनौतियों (चैलेंज) का आयोजन करता है। आईपीए प्रतिवर्ष अपना फेस्टिवल आयोजित करता है, जहाँ विभिन्न कला विधाओं के कलाकारों को मंच प्रदान कर पुरस्कृत किया जाता है। ज्ञातव्य है कि, यथार्थ सिंह गहरवार को इससे पूर्व इसी संस्था द्वारा रजत पदक भी प्रदान किया जा चुका है। यथार्थ ने पुणे, महाराष्ट्र स्थित तिलक विद्यापीठ से फोटोग्राफी विशेषज्ञता में स्नातक उपाधि प्राप्त की है। वर्तमान में वे रायपुर स्थित ए.ए.एफ.टी. विश्वविद्यालय खरोरा, रायपुर से स्नातकोत्तर उपाधि हेतु अध्ययनरत हैं। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से छत्तीसगढ़ राज्य एवं स्थानीय क्षेत्र के निवासी स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं तथा उन्हें इस सफलता हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कर रहे हैं।

# जिले में अवैध धान खरीदी-बिक्री पर जिला प्रशासन की कड़ी कार्वाई



अभी तक 971 क्विंटल से अधिक धान जब्त, 19 लाख 42 हजार रुपये मूल्य का प्रकरण दर्ज

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में अवैध धान खरीदी-बिक्री पर रोकथाम के लिए जिला प्रशासन लगातार कार्वाई कर रहा है। शासन की मंशा के अनुरूप यह सुनिश्चित किया जा रहा है, कि जिले में केवल वास्तविक एवं पात्र किसानों से ही उनके वास्तविक रकबे के आधार पर धान खरीदी हो सके।। इसी उद्देश्य से कोचियों, व्यापारियों और अवैध धान विक्रेताओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

जिले में 1 दिसंबर तक राजस्व, खाद्य, कृषि उपज मंडी और अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 19 लाख 42 हजार रुपये मूल्य के 971 क्विंटल से अधिक धान जब्त किया गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार 1 दिसंबर को कृषि उपज मंडी और खाद्य विभाग की टीमों ने कई स्थानों पर छापेमार कार्वाई की। गोकना के भोज राम साहू के फॉर्म से 12 क्विंटल धान, खत्री ट्रेडर्स के गोदाम से 40.80 क्विंटल, गुरुदेव ट्रेडर्स खैरागढ़ से 50 क्विंटल, जैन कुंदन कमलेश फॉर्म खैरागढ़ से 31 क्विंटल, सम्यक ट्रेडर्स खैरागढ़ से 80 क्विंटल, मेसर्स अशोक कुमार जंघेल गंडई से 30 क्विंटल और चंदन मल सुगमचंद जैन गंडई से 51 क्विंटल धान जब्त किया गया। इन सभी प्रकरणों का कुल मूल्य लाखों में दर्ज किया गया है।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान भी प्रशासन द्वारा लगातार कार्वाई की जा रही है। 14 नवंबर को 120.10 क्विंटल, 21 नवंबर को 289.4 क्विंटल, 22 नवंबर को 96 क्विंटल, 23 नवंबर को 70 क्विंटल, 26 नवंबर को 56 क्विंटल, 27 नवंबर को 44 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है, कि किसानों के हित में खरीदी कार्य को पारदर्शी बनाए रखने के लिए आगे भी इसी प्रकार की कार्वाई निरंतर जारी रहेगी, और अवैध खरीदी-बिक्री में संलिप्त किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्वाई की जाएगी।

# शासनादेश की धज्जियाँ उड़ाने वाला फैसला : डौंडीलोहारा आईटीआई के प्राचार्य के खिलाफ प्रदेशभर में उबाल



बालोद (दावा)। बालोद जिले में चौथे शनिवार वेतन कटौती का मामला अब प्रदेशभर के तकनीकी शिक्षा कर्मचारियों में भूकंप पैदा कर चुका है। आरोप है कि, डौंडीलोहारा आईटीआई के प्राचार्य ने 22 नवंबर 2025 को, जो कि शासन द्वारा घोषित अवकाश था, उस दिन कर्मचारियों की अनुपस्थिति दर्शाकर वेतन काट दिया। यह निर्णय पूरे प्रदेश के आईटीआई कर्मचारियों के बीच गुस्से की आग की तरह फैल गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना यह स्पष्ट करती है कि, सभी शनिवार अवकाश हैं। इस अधिसूचना को धता बताते हुए डौंडीलोहारा आईटीआई में शनिवार को कार्यदिवस घोषित कर वेतन काट लिया गया। कर्मचारियों का कहना है कि, यह सिर्फ एक निर्णय नहीं, बल्कि एक अधिकारी द्वारा पूरे राज्य की अधिसूचना को ठेंगा दिखाने का दुस्साहस है। प्राचार्य पर पूर्व में भी कई गंभीर आरोप लगते रहे हैं। मनमानी, दुर्व्यवहार, प्रशिक्षुओं के साथ लापरवाही, कार्यस्थल पर अनुशासनहीनता और निजी लाभ के लिए संस्थान के संसाधनों का इस्तेमाल।

कर्मचारियों ने बताया कि संस्थान में हालात इतने खराब हैं कि, वे खुलकर बोलने से डरते हैं, क्योंकि शिकायत करने पर प्रताड़ना की आशंका रहती है। कर्मचारी कहते हैं कि, वेतन कटौती का फैसला एक सुनियोजित कदम था। यह बताया जा रहा है कि, प्राचार्य ने इस कटौती को सही ठहराने के लिए कोई स्पष्ट, लिखित शासनादेश या विभागीय आदेश तक नहीं दिखाया। जब कर्मचारियों ने आदेश की प्रति मांग की, तो कथित तौर पर उन्हें टाल दिया गया। कर्मचारी संघ ने कहा यह केवल वेतन का मामला नहीं है, बल्कि यह प्रश्न है कि, क्या किसी प्राचार्य को शासन की अधिसूचना को रद्दी की टोकरी में फेंकने का अधिकार है? यदि ऐसा होता रहा, तो विभागीय संरचना का पूरा अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा।

संघ ने प्रमुख सचिव को सौंपे गए ज्ञापन में अवैध वेतन कटौती को तुरंत रद्द किया जाए। प्राचार्य के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्वाई करते हुए उन्हें निलंबित किया जाए। सभी आरोपों की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। भविष्य में अधिसूचनाओं की अवमानना रोकने के लिए कठोर विभागीय निर्देश जारी करने की मांग की है।

कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यह 'अंतिम अल्टीमेटम' है। यदि शासन ने 15 दिनों में कार्वाई नहीं की, तो आंदोलन पूरे प्रदेश में उग्र रूप ले लेगा। कर्मचारी कहते हैं- 'अब लड़ाई वेतन की नहीं, अस्तित्व की है। यदि विभाग ने आवाज नहीं सुनी, तो पूरे प्रदेश के आईटीआई बंद कर दिए जाएंगे।'

# पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ का संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन



खैरागढ़ (दावा)। पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ के प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों ने संकुल दुर्ग के अंतर्गत आयोजित खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। विद्यालय को सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में तीन प्रथम पुरस्कार एवं खेलकूद में एक प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

खेल प्रतियोगिता पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय बीएम वाई भिलाई में 25 नवंबर को आयोजित की गई थी। खेलकूद प्रतिस्पर्धा में रिले रेस में कक्षा पांचवी की रिद्धिमा वर्मा, पूर्वी ध्रुव, साक्षी मंडावी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रियांश और अथर्व दोनों की जोड़ी ने थ्री लेग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग में 29 नवंबर को आयोजित हुआ था। प्रतियोगिता में तेजस्विनी वर्मा हिन्दी कविता प्रथम स्थान, लघु नाटिका में जतिन गिरिया और समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, हिन्दी कहानी में आहना चारण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय ने समूह गीत में तृतीय स्थान, एकल गीत में तनिष्का ने तृतीय स्थान एवं एकल नृत्य में अक्षत पांडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य अंजय कुमार ने सभी सफल प्रतिभागियों और विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने वाले शिक्षकों एवं अनुरक्षक शिक्षकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# मुसरा के ग्रामीणों ने तहसीलदार के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने का लिया अंतिम निर्णय

डोंगरगढ़/मुसरा (दावा)। ग्राम पंचायत मुसरा कला के घनी आबादी के बीच बाजार चौक स्थित तालाब में जाने का मार्ग अवरुद्ध हो जाने से विगत अनेक वर्षों से ग्रामीण तालाब के पानी का उपयोग निस्तारी कार्य के लिए नहीं कर पा रहे थे। जिसकी शिकायत लंबे समय से ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत के माध्यम से शासन प्रशासन को की जा रही थी।

वर्तमान सरपंच श्रीमती गायत्री टेम्बुरकर द्वारा ग्राम सभा के माध्यम से किए गए प्रस्ताव को स्थानीय प्रशासन को भेजा गया था।जिसे प्रशासन द्वारा संज्ञान में लेकर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई को अंतिम रूप दे दिया गया है। जिसके तहत आज अतिक्रमण कारीयो के खिलाफ कार्रवाई की जानी थी। किंतु प्रभावित दुकानदार के समर्थन में उतरे व्यापारी संघ के विरोध को ध्यान में रखते हुए डोंगरगढ़ तहसीलदार द्वारा स्थल का मौका मुआयना ग्रामीणों के साथ किया गया। जिसमें पाया गया कि तालाब जाने के लिए मार्ग नहीं होने से निस्तारी कार्य के लिए ग्रामीणों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।इसके अलावा तालाब की गंदगी साफ करने में भी परेशानी होती है। ग्रामीणों की माने तो पांच में से कम से कम दो दुकान प्रभावित हो रही है। अब व्यापारियों और ग्रामीणों को तय करना है कि तालाब जाने के लिए आम रास्ता जरूरी है अथवा नहीं।

### तहसीलदार के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने का अंतिम निर्णय लिया मुसरा के ग्रामीणों ने -

ग्रामीणों ने बताया कि तहसीलदार द्वारा ग्रामीण की बैठक में लिए गए निर्णय को अंतिम निर्णय मानने की बात ग्रामीणों से कही गई थी । ग्रामीणों ने सरपंच के नेतृत्व में एक राय होकर अतिक्रमण किए गए दुकानदारों की दुकानों को तालाब जाने के मार्ग से हटाने का निर्णय लिया है। तहसीलदार द्वारा प्रभावित दुकानदारों से भी अपना निर्णय मंगलवार की सुबह 10:00 बजे तक बताने कहा गया था। जिस पर व्यापारी संघ के अध्यक्ष बजरंग साहू ने चर्चा के दौरान बताया कि तालाब जाने के मार्ग में आने वाली दो दुकानों को हटाने के लिए दुकानदारों द्वारा सहमति दे दी गई है जिसकी जानकारी ग्राम पंचायत सरपंच एवं प्रशासन को दी जाएगी।तहसीलदार द्वारा ग्रामीणों एवं दुकानदारों व व्यापारी संघ को आश्वस्त किया गया है कि,पक्ष - विपक्ष द्वारा लिए गए निर्णय की समीक्षा कर प्रशासन उचित कार्रवाई करेगा।

### व्यापारी संघ ने सरपंच पर लगाए थे गंभीर आरोप

प्राप्त जानकारी के अनुसार,डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मुसराकला में कुछ व्यापारियों की दुकान को तोड़ने पंचायत द्वारा की जा रही कार्रवाई के खिलाफ व्यापारी संघ




○ प्रशासनिक कार्रवाई के विरोध में व्यापारी संघ ने किया था विरोध, एसडीएम तहसीलदार को दिया गया ज्ञापन
○ ग्राम सभा के प्रस्ताव के पश्चात तहसील कार्यालय से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर की जा रही है कार्रवाई - सरपंच

मुसराकला ने सोमवार को तहसीलदार सतपाल यादव के सामने अपनी बात रखी। प्रदर्शन करने पहुंचे 50 से अधिक लोगों ने पंचायत की कार्रवाई को पक्षपात पूर्ण बताते हुए कहा कि सन 1990 से पंचायत द्वारा दी गई अनुमति के पश्चात व्यापारियों ने दुकानें बनाई थी। जिसका भू फाटक तथा टैक्स के रूप में पंचायत को व्यापारी सालाना शुल्क भी देते हैं। व्यापारियों ने तहसीलदार को आगे बताया था कि,मुसराकला के तालाब पार में लगभग 50 लोग कब्जाधारी हैं। किंतु चार-पांच लोगों के खिलाफ पंचायत द्वारा पक्षपात पूर्ण कार्रवाई का नोटिस जारी किया गया है। जिसे लेकर पीड़ित व्यापारियों में पंचायत की कार्यप्रणाली को लेकर खासा आक्रोश दिखाई दे रहा है। व्यापारी संघ के अध्यक्ष बजरंग साहू, उपाध्यक्ष ओमकार लिल्हारे, सचिव राजेश कोचे, बसराम साहू,मुकेश साहू, निर्मला सोरी सुमनलाल वर्मा योगेंद्र साहू खेमचंद बंजारे दुर्गेश अग्रवाल हीरामन ठाकुर मनसुख वर्मा नूतनलाल प्रियांशु कोचे बिहारीलाल साहू लालचंद शिवकुमार मोहनलाल विनय प्रिंट वर्ल्ड योगेश निर्मलकर धनेश्वर कुमार उमेश कुमार विष्णु साहू टीएल टेलर्स सुमित श्रीवास मोहनलाल गुंजन एंटरप्राइजेज संतोष कुमार आशीष वर्मा रामनारायण हितेश कुमार भूमिका ऑटो रूपचंद चेतनलाल कालिदास अशोक खरे सहित बड़ी संख्या में व्यापारियों ने बताया कि मुसरा में 90 प्रतिशत दुकान व मकान अतिक्रमण की चपेट में है। कुछ अवैध व्यवसाय करने वालों के बोलने पर पंचायत द्वारा पक्षपात पूर्ण कार्रवाई कर मात्र चार-पांच लोगों जिसमे मुकेश साहू निर्मला ठाकुर दिलीप साहू दीपक साहू सुमन वर्मा के खिलाफ अतिक्रमण हटाने नोटिस जारी किया गया है। तथा तहसीलदार के आदेश पर विद्युत विभाग द्वारा इन दुकानों की बिजली भी काट दी गई है।व्यापारियों का कहना था यदि पंचायत पक्षपातपूर्ण कार्रवाई करेगी तो सभी व्यापारी अपनी जान देने पर भी उतारू हो जाएंगे। व्यापारियों की लाश के ऊपर से ही अतिक्रमण हटेगा। पंचायत को इस तरह की पक्षपात पूर्ण कार्रवाई नहीं करनी चाहिए।

### मुसरा में 90 प्रतिशत अवैध कब्जा - कोटवार

मुसरा के कोटवार रेखलाल ने तहसीलदार को बताया कि 1992 से वह स्वयं कोटवार पद पर हैं किंतु इस तरह की कार्रवाई कभी नहीं की गई।कोटवार ने बताया कि मुसरा में 90 प्रतिशत अवैध कब्जा है। तालाब में आने-जाने के लिए कोई भी रुकावट नहीं है। लोगों के घरों में शौचालय तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध है। आजकल तालाब से निस्तार नहीं होता। पंचायत को आवागमन सहित अन्य कार्यों के लिए कोई दिक्कत नहीं है। तालाब पार पर सड़क भी बनाई जा रही है। बताया गया कि पंचायत द्वारा ग्राम के पटेल को भी विश्वास में नहीं लिया और इस तरह की कार्रवाई अचानक उस समय की गई जब पांच में से दो दुकानदार बीमार हैं। तथा एक की मृत्यु कुछ समय पूर्व कैंसर से हुई है।नागरिकों ने प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की है।

**तहसीलदार को जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया है - एसडीएम श्री भार्गव**

एसडीएम एम भार्गव ने कहा है कि, मुझे फोन पर सूचना मिली है। तहसीलदार को जांच हेतु कहा गया है। जांच रिपोर्ट मिलने पर ही कुछ कह पाऊंगा आज मैं बाहर हूं ग्रामीणों से कल मिलूंगा।

**ग्राम सभा के प्रस्ताव के पश्चात तहसील कार्यालय से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जा रही है - सरपंच**

सरपंच श्रीमती गायत्री टेम्बुरकर ने कहा है कि, सुशासन के तहत तहसील कार्यलय से प्राप्त आवेदन पर पटवारी रिपोर्ट व ग्राम सभा के निर्णय के पश्चात ही अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पंचायत द्वारा की जा रही हैं। बाहर से आकर लोग कब्जा कर आने जाने वाले आम रास्ते को रोके है।ग्रामीणों के आवेदन पर शासन द्वारा कार्यवाही की जा रही है। जो भी निर्णय होगा सामने आ जायेगा।

# वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक फडनवीस का जन्मदिन धूमधाम से मना

**राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व पार्षद अशोक फड़नवीस का जन्मदिन सोमवार को शानदार, सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर नगर के सामाजिक और राजनीतिक रूप से सक्रिय सदस्यों ने हंसमुख और व्यवहार-कुशल व्यक्तित्व वाले फडनवीस को उनके उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।**

शहर के लोकप्रिय, निडर एवं जनसमस्याओं को बेबाकी से उठाने वाले वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पूर्व पार्षद अशोक फडनवीस का जन्मदिन मॉर्निंग व इवनिंग ग्रुप के मिलनसार सदस्यों और वरिष्ठ कांग्रेसजनों की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



जनसमस्याएं निर्भीकता से उठाने वाले पूर्व पार्षद को शुभचिंतकों ने दी हार्दिक शुभकामनाएं

### केक काटा और दी गई मंगलकामनाएं

कार्यक्रम में उपस्थित साथियों ने केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी और सुरुचिपूर्ण भोजन का आनंद लिया। सभी ने फडनवीस के लंबे, स्वस्थ और उज्ज्वल राजनीतिक जीवन की मंगलकामनाएं की। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी ने भी समारोह में शामिल होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। उपस्थित प्रमुख लोगों में कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, हरिनारायण धकेता, पंकज बांधव, डॉ. आफताब आलम, अनीस खान, मनीष गौतम, मन्ना यादव, फिरोज़ अंसारी, अजय राय, हेमू सोनी, हनी ग्रेवाल, राहुल देवांगन, सूरज शर्मा, बबलू कसार, हेमंत सिंह, कुलदीप कुरंजेकर, दयावान देवांगन, केशव पटेल, मुन्ना भाई, फरमान अली, करीम मेमन, राजा वर्मा, निपेंद्र वर्मा, सुरेंद्र गजभिये सहित बड़ी संख्या में अन्य साथी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि फड़नवीस शहर में जनसमस्याओं को शासन-प्रशासन, मीडिया और जनता के समक्ष स्पष्ट व बेबाक अंदाज में रखने के लिए जाने जाते हैं। यह जानकारी अनीस खान ने प्रेस विज्ञप्ति में दी।

# मानपुर डिपो में लाख पालन कार्यशाला का सफल आयोजन

मोहला (दावा)। मानपुर डिपो मोहला वनमण्डल मोहला के द्वारा आज लाख पालन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य लाख पालन के लाभों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करना और उन्हें इस व्यवसाय से जुड़ने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यशाला का संचालन मास्टर ट्रेनर श्रीमती मीतू गुप्ता, सूर्य कुमार ध्रुव और श्रीमती गरिमा कश्यप ने किया। कार्यशाला में बिहान लाख का ट्रिटमेंट और कुसुम पेड़ में लाख लगाना जैसे महत्वपूर्ण प्रैक्टिकल कार्य दिखाए गए। विशेषज्ञों ने बताया कि लाख पालन न केवल एक लाभकारी व्यवसाय हो सकता है, बल्कि इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं और आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो सकती है।




110 से अधिक ग्रामीणों ने लिया हिस्सा

उन्होंने यह भी बताया कि लाख पालन से पर्यावरण के लिए भी लाभकारी हो सकता है। क्योंकि यह पेड़ों की वृद्धि और जैव विविधता को बढ़ावा देता है। कार्यशाला के दौरान ग्रामीणों ने लाख पालन से जुड़ी कई जिज्ञासाएं व्यक्त की। जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा दिया गया। कार्यशाला में कुल 110 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया और लाख पालन के बारे में नई जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला में वनमण्डल अधिकारी मोहला, उप वनमण्डलाधिकारी मानपुर, परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर मानपुर, परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण मानपुर, और परिक्षेत्र अधिकारी अंबागढ़ चौकी के अलावा, समिति खैरकट्टा, चिखलाकसा, पुगदा, उचहपुर, खुर्सीपार, कारेकट्टा, और जालवाही के सदस्य शामिल हुए।

# रानी रश्मि देवी सिंह विद्यालय सलौनी में विश्व एड्स दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

खैरागढ़ (दावा)। मंथली प्लान का एक्शन के तहत अध्यक्ष विजय कुमार होता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशानुसार व सचिव निलेश जगदल्ला और अध्यक्ष मोहिनी कंवर तालुका विधिक सेवा समिति खैरागढ़ के मार्गदर्शन में रानी रश्मि देवी सिंह पब्लिक स्कूल सलोनी में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर जुडिशल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास कुमारी आकांक्षा खलखो ने एड्स पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने इसके समाज पर प्रभाव, शीघ्र पहचान के महत्व व विभिन्न रोकथाम उपायों के बारे में बताया। उन्होंने इस बीमारी से जुड़े कलंक व भेदभाव को समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया। जेएमएफसी खलखो ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को महत्वपूर्ण विधिक मुद्दों पर जानकारी दी। इसमें बच्चों से यौन शोषण की रक्षा (पॉक्सो एक्ट) अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम और साइबर सुरक्षा, सुरक्षा व साइबर स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। आगे पैरालीगल वालंटियर गोलूदास साहू छात्रों को यह समझाने की कोशिश की कि, इन विधिक ढांचों को जानना कितना आवश्यक है। क्योंकि वे समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डिजिटल दुनिया में भी सुरक्षा बनाए रखने के लिए यह जानकारी अत्यंत आवश्यक है। इन विधिक मुद्दों पर निरंतर शिक्षा व जागरूकता के कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए, ताकि वे जरूरतमंदों को विधिक सहायता और मार्गदर्शन दे सकें। आगे कार्यक्रम का संचालन करते हुए पीएलवी गोलूदास साहू ने कहा कि इस बीमारी से बचने का एक सर्वोत्तम उपाय है कि हम खुद जागरूक रहे और लोगों को भी जागरूक करें।



जागरूकता और सावधानी से एड्स से संभव है बचाव- जेएमएफसी खलखो

स्कूल प्राचार्य नरोत्तम वर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, तालुक विधिक सेवा समिति के इस प्रयास ने समुदाय के कल्याण और सुरक्षा में विधिक जागरूकता की महत्ता को रेखांकित किया और यह सुनिश्चित किया कि लोग अपने अधिकारों और सुरक्षा से संबंधित विषयों पर सही जानकारी प्राप्त करें।

कार्यक्रम के समापन पर एड्स रोकथाम, विधिक अधिकारों और डिजिटल सुरक्षा जैसे मुद्दों पर निरंतर जागरूकता अभियानों की आवश्यकता पर जोर दिया गया। ताकि ये विषय समुदाय के शिक्षा के महत्वपूर्ण हिस्से बने रहे। आगे छात्रों ने अपनी शंका समाधान के लिए प्रश्न पीएलवी साहू के समक्ष रखी जिसका समाधान बताया गया।

# सिन्हा समाज के भव्य आयोजन में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल सहित अनेक सम्मानित अतिथि रहे शामिल

राजनांदगांव(दावा)। डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैरझिटी में सिन्हा समाज द्वारा सहस्त्रबाहु की जयंती समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। प्रातः पूजा-अर्चना, समाज प्रतीक ध्वज पूजन और पारंपरिक विधि-विधान से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। समाज के वरिष्ठजन, युवा एवं महिलाएं बड़ी संख्या में आयोजन स्थल पर उपस्थित हुए। जिससे पूरे ग्राम में उत्सव का माहौल बना रहा।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विशिष्ट अतिथि के रूप में सिन्हा समाज महिला मंच की जिला अध्यक्ष श्रीमती निर्मला जितेंद्र सिन्हा, श्रीमती शीला सिन्हा, जिला पंचायत सभापति श्रीमती अनीता सिन्हा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सहित समाज के अन्य गणमान्य नागरिक मंच पर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने अपने संबोधन में सहस्त्रबाहु की महानता, उनके आदर्शों और समाज में एकजुटता तथा सांस्कृतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज की शक्ति संगठन और संस्कारों में निहित है और इन्हीं मूल्यों पर चलते हुए समाज तरक्की की राह पर आगे बढ़ सकता है।



सिन्हा समाज जिलाअध्यक्ष निर्मला जितेंद्र सिन्हा ने कहा महिलाएं शिक्षित होगी तब समाज उन्नति करेगी

सिन्हा समाज महिला मंच की जिला अध्यक्ष निर्मला जितेंद्र सिन्हा ने भी समाज को संबोधित किया। उन्होंने महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और समाज में सहयोग की भावना को लेकर प्रेरक विचार रखे। उन्होंने कहा कि समाज तभी मजबूत होगा जब महिलाएँ शिक्षित, सशक्त और संगठित होंगी। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक झांकी, देवी-देवताओं की प्रस्तुतियां, सामाजिक एकता के संदेश पर आधारित नृत्य एवं गीतों ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया तथा युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया। अंत में सहस्त्र बाहु जी के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी जनों ने सामूहिक रूप से समाज की उन्नति, एकजुटता और आगामी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन समिति के सदस्यों ने आए हुए सभी अतिथियों एवं समाजजनों का आभार व्यक्त किया। समारोह शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# ग्राम पंचायत कांचरी व करमतरा विद्यालय में नशामुक्ति का संकल्प शिविर आयोजित

खैरागढ़ (दावा)। नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में जागरूकता बढ़ाने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत कांचरी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों को नशामुक्ति भारत अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार, समाज और आर्थिक स्थिति पर भी गंभीर दुष्प्रभाव छोड़ता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को नशे से दूर रहने, समाज में जागरूकता फैलाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प दिलाया गया। विभाग के कर्मचारियों ने सभी को सामूहिक शपथ दिलाते हुए नशा उन्मूलन में सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया।




समाज कल्याण विभाग ने बढ़ाया जनजागरूकता अभियान

इसी क्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला करमतरा, विकासखंड खैरागढ़ में भी समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को नशे से होने वाले मानसिक, शारीरिक और सामाजिक नुकसान की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को समझाया गया कि नशे से भविष्य प्रभावित होता है, इसलिए किशोरावस्था में जागरूक निर्णय लेना अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को नशामुक्त भारत के निर्माण में भागीदार बनने का संकल्प दिलाया गया। शपथ के माध्यम से सभी ने समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने और स्वयं को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रखने का वचन लिया।

# महिला किसान श्रीमती उमा जामड़े ने कहा टोकन से तौल तक पूरी प्रक्रिया रही पारदर्शी

मोहला(दावा)। शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के मार्गदर्शन में जिले में धान खरीदी कार्य पारदर्शी, व्यवस्थित और किसान-हितैषी ढंग से निरंतर जारी है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के 19 प्राथमिक समितियों के 27 उपार्जन केंद्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है।

खरीदी केंद्रों में शासन द्वारा धान खरीदी को सुचारु व्यवस्था एवं किसानो की सुविधा के लिए गेट पास एप का प्रारंभ किया गया है। इसके तहत किसानों को धान खरीदी केंद्र में आने पर अपने वाहन के साथ गेट पास एप में फोटो खिंचवाना होगा। साथ ही धान खरीदी केन्द्र में आते समय अपना टोकन भी साथ लाना होगा। गेट पास एप के माध्यम से टोकन का स्कैन किया जाएगा। जिसके बाद किसान की फोटो खिची जाएगी। धान खरीदी के 48 से 72 घंटे के भीतर किसानों को धान का मूल्य प्राप्त हो जाता है। इस सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं से किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। इसी क्रम में मोहला विकासखण्ड के ग्राम परसघाट की महिला किसान श्रीमती उमा जामड़े ने एकटकान्हार में 80 क्विंटल धान विक्रय किया। उन्होंने कहा कि केंद्र में जब वह अपना धान लेके गई तों सबसे पहले धान खरीदी केंद्र में अपने वाहन के साथ गेट पास एप के माध्यम सें उनकी फोटो खींची गई साथ ही टोकन का स्कैन किया गया। उन्होंने खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए बताया कि ऑनलाइन टोकन प्रक्रिया पूरी तरह सरल हैं। साथ ही गेट पास एप की सराहना करते हुए कहा की यह एप्प शासन की पारदर्शी और समयबद्ध है, प्रक्रिया को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा की शासन ने जब सें ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारंभ की हैं। तब सें ना तों उन्हें अब कतार में लगने या प्रतीक्षा करने जैसी किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। साथ ही सरकार द्वारा उपलब्ध छाया, पेयजल एवं बैठने जैसी सुविधाओं ने खरीदी प्रक्रिया को और भी सहज बना दिया है।



सुव्यवस्थित धान खरीदी ने बढ़ाया किसानों का विश्वास

किसान श्रीमती उमा ने बताया कि केंद्र की बेहतर व्यवस्थाओं के चलते उनके पूरे धान का विक्रय बिना किसी बाधा के पूर्ण हुआ। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी खेती के कार्यों को बेहतर बनाने एवं अच्छी फसल के लिए ट्रेक्टर की खरीदा हैं। ट्रेक्टर के माध्यम से खेती आसान हुई और इस साल उनकी फसल बहुत अच्छी हुई हैं। जिससे उन्हें अच्छी खासी आमदनी हुई। वह कहती हैं कि इस साल की आमदनी का उपयोग वह अपने ट्रेक्टर के किसानी पार्टस लेने में करेंगी। जिससे कृषि कार्य में। आसानी के साथ बेहतर आमदनी प्राप्त होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित शासन-प्रशासन को किसानों के हित में इस मजबूत और पारदर्शी खरीदी व्यवस्था के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# संपत्ति व जमीन दर में बढ़ोतरी के विरोध में जमीन कारोबारियों ने जयस्तंभ चौक में किया धरना प्रदर्शन

राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा संपत्ति की गाइडलाइन दर में की गई बढ़ोतरी से खासे नाराज़ जमीन कारोबारियों ने मंगलवार को जयस्तंभ चौक में जमकर धरना प्रदर्शन किया और जमीन व्यापारियों को परेशान करना बंद करो, जमीन पंजीयन, काला कानून जैसे नारे लगाए। जयस्तंभ चौक में सुबह से धरना-प्रदर्शन करते हुए बैठे इन जमीन कारोबारियों द्वारा अपनी मांगों से संबंधित पोस्टर भी लहराए गए सरकार को सद्बुद्धि देने के लिए सामूहिक रुप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस दौरान चौक में देर शाम तक जय हनुमान ज्ञान गुन सागर की गूंज होती रही।




**जमीन पंजीयन काला कानून के लगाए नारे, सरकार को सद्बुद्धि देने हनुमान चालीसा का पाठ**

धरना प्रदर्शन में बैठे अनूप श्रीवास ने बताया कि यह धरना प्रदर्शन लंबा चलेगा। प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार द्वारा संपत्ति एवं जमीन खरीदी के दरों में की गई भारी वृद्धि के खिलाफ लोगों को जगाया जाएगा और जनमत तैयार कर सरकार को झूकने मजबूर किया जाएगा।

बताते चलें कि इस मामले में गत दिनों रियल एस्टेट कारोबारियों द्वारा इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमनसिंह को ज्ञापन सौंप कर इस पर पुनर्विचार की मांग की गई थी। इसी तरह कांग्रेस द्वारा भी संपत्ति की गाइडलाइन में अचानक हुई भारी बढ़ोतरी का विरोध में शनिवार को जयस्तंभ चौक में प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय का पुतला फूंके थे।

### जयस्तंभ चौक में गूंजे जय हनुमान ज्ञान गुण सागर

रियल स्टेट कारोबार से जुड़े शहर और तहसील के नागरिकों का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा 20 नवंबर को जारी की गई नई गाइडलाइन दर को पहले की तुलना में बढ़ाई गई है। जिसके कारण जमीन-मकान की खरीदी बिक्री ठप पड़ गई है। इस अप्रत्याशित बढ़ोतरी से शहर के पंजीयन कार्यालय में सन्नाटा पसरा गया है। इस बढ़ी दर से किसान व मध्यम वर्गीय परिवार पंजीयन कराने में असमर्थ हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस का सीधा असर संपत्ति के लेन-देन पर पड़ रहा है जिससे लोग अनावश्यक आर्थिक बोझ का शिकार हो रहे हैं।

जयस्तंभ चौक में सुबह से धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों ने देर शाम तक जय हनुमान ज्ञान गुन सागर की गूंज बनाए रखी। इससे अनायास ही लोगों का ध्यान धरना प्रदर्शन करने वालों की ओर गया और उन्हें उनके आंदोलन के लिए सहानुभूति मिली

### ज्ञापन में रखी गई तीन प्रमुख मांगे

क्षेत्रीय विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह को सौंपे गए ज्ञापन में नागरिकों ने तीन प्रमुख मांगे रखी है, जिसमें पुरानी गाइडलाइन दर में केवल 10 प्रतिशत वृद्धि लागू की जाए। नगर निगम क्षेत्र में 35 डिसमिल प्लांट दर को निरस्त कर पूर्ववत, 51 डिसमिल कृषि दर पर आधारित हेक्टेयर मूल्यांकन लागू की जाए। इसके साथ ही बहुमंजिला भवन, दुकान और कार्यालयों पर पूर्व में लागू छूट के प्रावधानों को यथावत रखा जाए।

इस दौरान सतीश साहू, अनूप श्रीवास, दीपेश मिश्रा, बालू शर्मा, आजाद सिंग, राजीव गुप्ता, राजेश पारख, देवल वल्र्यानी, लोकेश अग्रवाल, पवन पवार, पप्पू खूंटे, वरुण पांडे, नीरज कन्नौजे, गोलू ठाकुर, बलराज जैन, शांतिलाल जैन, उमेश साहू, तरुण बालकिशोर आदि सहित बड़ी संख्या में लोगो ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा कर उक्त धरना प्रदर्शन के लिए 5 दिनों की मांग की गई थी, उक्तानुसार जयस्तंभ चौक में सभी की उपस्थिति देखी गई।

# ठंड बढ़ने पर नगर निगम द्वारा शहर के 6 स्थानों पर अलाव की सुविधा

## महापौर मधुसूदन यादव ने ठंड से बचने सावधानी बरतने नागरिकों से की अपील

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष शीत ऋतु में नगर के निर्धनों एवं श्रमिक जनों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए अलाव की सुविधा मुहैया करायी जाती है। इसी कडी में ठंड के प्रारंभ से पुराना बस स्टैण्ड, पोस्ट आफिस चौक एवं रेल्वे स्टेशन के पास अलाव जलाया जा रहा है। अब अत्यधिक ठंड पडने पर 3 अतिरिक्त स्थानों में अलाव की व्यवस्था की गयी है।



अलाव जलाने के संबंध में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि अत्यधिक ठंड को ध्यान में रखते हुए राजनांदगांव में निर्धनों व श्रमिकों को शीत लहर से बचाने के लिये नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष अलाव जलाया जाता है, इसी कडी में इस वर्ष शीत ऋतु में ठंड बढ़ने पर पुराना बस स्टैण्ड, पोस्ट आफिस चौक एवं रेल्वे स्टेशन के पास अलाव जलाया जा रहा है। वर्तमान में अत्यधिक ठंड पड़ने पर महापौर मधुसूदन यादव के निर्देशानुसार अलाव की संख्या में वृद्धि कर 3 अतिरिक्त स्थान पेण्ड्री मेडिकल कालेज, सिविल लाईन तथा चिखली में भी जलाया जा रहा है। आवश्यकतानुसार अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी नागरिकों के लिये अलाव की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने ठंड को ध्यान में रखते हुये शहर के प्रमुख स्थानों पर जलाये जा रहे अलाव को देर रात्रि तक जलाये रखने के निर्देश प्रभारी को दिये है।

अत्याधिक ठंड पड़ने पर महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि, ठंड बढ़ती जा रही है, इसलिये रात्रि में अनावश्यक घर से बाहर न निकले, किसी कारणवश बाहर निकलने पर गरम कपड़ा पहने, मफलर एवं टोपी लगावे। सर्दी, खासी, बुखार होने तथा ठंडी से अन्य किसी प्रकार की तबियत खराब होने की स्थिति में डॉक्टरी परीक्षण करावे। उन्होंने फ्लाई ओव्हर के नीचे अस्थाई रहवासियों से भी कहा कि ठंड से बचने वे निगम के रैन बसेरा में जाकर रहे।

# मदर टेरेसा समता राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होंगे समाजसेवी हैरी जोसेफ

राजनांदगांव (दावा)। मानव सेवा, करुणा और समाज उत्थान के कार्यों में विशिष्ट योगदान देने वाले भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हैरी जोसेफ को इस वर्ष समता साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन 2025 में देश के अत्यंत प्रतिष्ठित मदर टेरेसा समता राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा जाएगा।



**समता साहित्य अकादमी राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन 2025 में होगा भव्य सम्मान**

यह सम्मान उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है जो निःस्वार्थ सेवा और मानवीय मूल्यों को जीवन का आधार बनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरक मिसाल बनते हैं। भारतभर के साहित्यकारों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों और चिंतकों की उपस्थिति में यह गरिमामय समारोह भुवनेश्वर में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक साहित्यिक प्रतिभाओं को एक मंच पर लाकर समता, सद्भाव, मानवता और करुणा के मूल्यों को मजबूत बनाना है। सम्मान समारोह 27 दिसंबर 2025 दिन शनिवार, समय प्रातः 10:30 बजे से सायं 2:30 बजे तक, स्थान भारतीय विद्या भवन भुवनेश्वर ओडिशा में आयेजित है। राजनांदगांव जिले में जन्मे और समाजसेवा के प्रति बचपन से ही समर्पित हैरी जोसेफ ने लंबे समय तक वंचित, जरूरतमंद और उपेक्षित वर्गों के बीच रहकर कार्य किया है। उन्होंने मानव कल्याण, सामाजिक जागरूकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए, जिसके कारण वे आज समाज के प्रेरणास्रोत व्यक्तित्व के रूप में पहचाने जाते हैं। उनके निरंतर सेवाभावी कार्य न केवल समाज के लिए मार्गदर्शक हैं बल्कि करुणा, समता और मानवता के उन आदर्शों का भी सजीव प्रतिरूप हैं जिन्हें वे अपने कर्मों से साकार करते आए हैं। मदर टेरेसा समता राष्ट्रीय पुरस्कार उनके इसी अद्भुत समर्पण, सेवा भाव और मानवीय मूल्यों की ऐतिहासिक पहचान है।

# न्याय की देरी ने ली एक और जान : बालोद की इस मौत का जिम्मेदार कौन?

बालोद(दावा)। बालोद जिले में हुई आत्महत्या सिर्फ एक दुखद घटना नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन की उस पुरानी बीमारी का ताज़ा उदाहरण है, जहाँ शिकायतकर्ता थककर टूट जाता है, लेकिन व्यवस्था तब भी नहीं हिलती। कन्नेवाड़ा निवासी रामनारायण टांडीया की मौत ने एक बार फिर यह कड़वा सच सामने रख दिया है कि पुलिस की धीमी और बेरुखी कार्यप्रणाली आम नागरिक की जिंदगी पर सीधा असर डालती है। एक व्यक्ति जो अपने अधिकारों और न्याय की उम्मीद में थाने का दरवाज़ा खटखटाने गया, वह न्याय की प्रतीक्षा में इतना टूट गया कि अंततः उसने धरमपूरा के जंगल में फांसी के फंदे को अपना आखिरी सहारा बना लिया। यह घटना हमें झकझोर देती है। क्या न्याय की मांग करना अपराध है?

क्या थाने में सुनवाई की उम्मीद रखना कोई गलती है? और सबसे बड़ा सवाल एक जान जाने के बाद ही प्रशासन क्यों जागता है? परिजनों का सीधा आरोप है कि, दो महीने पहले दर्ज शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। सवाल उठता है अगर कार्रवाई समय पर हो जाती, तो क्या आज रामनारायण जिंदा होता? यह सवाल बहुत भारी है, और इसका जवाब देने से पुलिस अब बच नहीं सकती। थाने के सामने शव रखकर किया गया प्रदर्शन कोई साधारण विरोध नहीं था। यह जनता का वह फूटता हुआ गुस्सा था जो वर्षों से दबा पड़ा है—सुनवाई न होने का गुस्सा, अनसुने रहने का अपमान, और व्यवस्था की जिद्दी चुप्पी का दर्द। पुलिस की दलील है कि 'जांच जारी है'। यह बयान अब चुभने लगा है। हर घटना में एक जैसे शब्द, एक जैसी प्रक्रिया, और एक जैसा परिणाम—मौन, देरी और अंततः फाइलों में दफन मामलों का ढेर।

यह सोचने वाली बात है कि ग्रामीण क्षेत्र का एक आम आदमी, जिसकी रोजमर्रा की आय सीमित है, शिकायत के लिए दो-दो महीने तक थाने के चक्कर कैसे लगाएगा? कौन देगा उसके समय, उसकी मेहनत और उसके धैर्य की कीमत? रामनारायण की मौत किसी एक अधिकारी की चूक नहीं, बल्कि उस सिस्टम का परिणाम है, जिसमें—शिकायत को गंभीरता से लेने की भावना खत्म होती जा रही है, दरबार में आम आदमी की आवाज कमजोर पड़ रही है और पुलिस व प्रशासनिक जवाबदेही बीते दिनों की बात बनती जा रही है। थाने के बाहर भीड़ द्वारा शव रखकर विरोध करना इस बात का संकेत है कि जनता अब और चुप नहीं बैठेगी। उनकी मांगें बिल्कुल स्पष्ट हैं– दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई, मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच और पीड़ित परिवार को न्याय। इस घटना ने पूरे जिले में आक्रोश की लहर पैदा कर दी है। लोग पूछ रहे हैं अगर शिकायतकर्ता की बात ही न सुनी जाए तो वह जाए कहाँ? यह सवाल सिर्फ बालोद का नहीं, पूरे प्रदेश की पुलिसिंग पर एक गंभीर टिप्पणी है। अब समय आ गया है कि पुलिस विभाग अपनी कार्यप्रणाली का आत्ममंथन करे। कितनी शिकायतें लंबित हैं? क्यों मामूली मामलों की भी जांच महीनों तक अटकी रहती है? क्यों पुलिस आम नागरिक की पीड़ा को समझने में असफल रहती है? इन सवालों पर ईमानदार समीक्षा जरूरी है। रामनारायण की मौत एक चेतावनी है। एक आवाज है जो कह रही है 'जागो, नहीं तो और जानें जाएँगी।

यह मौत व्यक्तिगत नहीं, संस्थागत विफलता का परिणाम है। और यदि इस विफलता को न सुधारा गया, तो ऐसे विरोध, ऐसे आक्रोश और ऐसी दिल दहला देने वाली घटनाएँ बढ़ती ही जाएँगी। न्याय में देरी—सीधी हत्या के बराबर है। रामनारायण टांडीया इसका नवीनतम उदाहरण है और अगर शासन-प्रशासन सच में जनता के प्रति जवाबदेह है, तो यह घटना निर्णायक कार्रवाई के साथ याद की जानी चाहिए, न कि फाइलों के बोझ तले दबी हुई एक और मामूली खबर के रूप में।

**आवश्यकता है**

प्रेस में रात्रिकालीन मशीन में कार्य करने हेतु हेल्पर आवश्यकता है।

-: संपर्क :-
दैनिक 'दावा' कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726

# नाबालिगों ने केबल वायर चोरी कर कबाड़ी के पास बेचा, पुलिस ने किया गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्र में 30 बंडल केबल वायर चोरी कर उसे जलाकर कबाड़ी के पास बेच देने वाले नाबालिग बालकों को पकड़ा है और विधि से संघर्षरत बालकों के खिलाफ कार्रवाई की है, वहीं कबाड़ी दुकान के संचालक को गिरफ्तार किया है। बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि कबाड़ी आरोपी सुखदेव पिता विदेश पटेल उम्र 21 साल निवासी सागर पारा राजनांदगांव को जेल वारंट प्राप्त होने पश्चात उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।

श्री साहू ने बताया कि घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस संबंध में प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि सांई दर्शन नगर में गत 21 नवंबर की रात्रि करीबन 12:30 के लगभग निर्माणाधीन मकान से 20-30 बंडल केबल वायर अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी किया। जिसकी कीमत लगभग 50,000 रूपये बताई गई। इस पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 574/25 धारा 331(4), 317 बीएनएस दर्ज किया गया।

शहर के चौक-चौराहे में लगए गए सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन पर तीन विधि से संघर्षरत बालको से पूछताछ किया गया. जिनके द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया तथा चोरी गए केबल वायर को जलाकर सागर पारा के पास कबाड़ी के दुकान में बेचना बताया। जिस पर आरोपी सुखदेव पटेल को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिनके द्वारा जुर्म करना स्वीकार करने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में पहुंचे जनसामान्य की समस्याओं को संवेदनशीलता पूर्वक सुना




राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। जनदर्शन में अवैध अतिक्रमण हटाने, मुआवजा दिलाने तथा उज्ज्वला योजना सहित अन्य मुद्दों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

# मेढ़ा के धान खरीदी प्रभारी कुलदीप विश्वकर्मा को खरीदी कार्य से किया पृथक

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र मेढ़ा के धान खरीदी प्रभारी कुलदीप विश्वकर्मा को धान उपार्जन कार्य में अनियमितता पाये जाने के कारण तत्काल प्रभाव से धान खरीदी कार्य से पृथक कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं नायब तहसीलदार द्वारा धान उपार्जन केन्द्र मेढ़ा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम राका के फुटकर व्यापारी लालजी सिन्हा द्वारा ग्राम पिपरिया के कृषक लिखन कंवर को धोखे में रखकर उनके कृषक धान पंजीयन के विरूद्ध अवैध धान विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा था। जिसके कारण ग्राम राका के फुटकर व्यापारी लालजी सिन्हा के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की गई है। साथ ही प्रकरण में अग्रिम कार्रवाई करते हुए धान खरीदी प्रभारी श्री कुलदीप विश्वकर्मा को तत्काल प्रभाव से धान खरीदी कार्य से पृथक कर दिया गया है।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com